


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 23 जनवरी 2025

संवत 2081, माघ कृष्ण 10- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 138 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ कब तक अनसुलझा रहेगा नेताजी की मौत का रहस्य ?

द राजा साब में फाईट करती नजर आएंगी मालविका ◂◂ 6


## नामकुम में मुखिया पर ताबड़तोड़ फायरिंग

# अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए की गई घेराबंदी

**मेट्रो रेज**



**रांची:** राजधानी के नामकुम थाना क्षेत्र में एक मुखिया को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गई है। गोलीबारी में मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। जानकारी के अनुसार गोली मारने वाला अपराधी मुखिया के गांव का ही रहने वाला है।

**नामकुम में बेखौफ हुए अपराधी :** रांची के नामकुम इलाके में अपराधी बेलगाम हो गए है। जमीन कारोबारी मधु राय की हत्याकांड का अभी खुलासा भी नहीं हुआ कि गुरुवार की सुबह अपराधियों ने नामकुम के हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को गोली मार दी। गुरुवार की सुबह नामकुम रिंग रोड रामपुर मे अरविन्द टेक्सटाइल के पास मुखिया को गोली मारी गई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक पर सवार दो अपराधियों ने अरविंद टेक्सटाइल के पास से गुजर रहे मुखिया पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची के ग्रामीण एसपी खुद मामले की तफ्तीश कर रहे हैं।

नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि घटना में अब तक जो जानकारी हासिल हुई है। उसके अनुसार मुखिया का अपने गांव में ही बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बंटवारे के विवाद को लेकर ही मुखिया पर फायरिंग की गई है। गोली मारने वाले अपराधी की पहचान भी हो गई है। जल्द उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

**घायल मुखिया से मिले रूरल एसपी :** घायल मुखिया का रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हमलावरों की जानकारी लेने और मुखिया के इलाज को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल अस्पताल पहुंचे और घायल मुखिया से बातचीत भी की।

# जनवरी में ही चाईबासा का पारा 33.8 डिग्री पहुंचा

**मेट्रो रेज**

**रांची :** सर्दी के मौसम में झारखंड में गर्मी का रिकॉर्ड टूटने लगा है। कई शहरों का अधिकतम तापमान अभी से 30 डिग्री के पार हो गया है। चाईबासा का उच्चतम पारा 33.8 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है। जमशेदपुर, डाल्टेनगंज, खूंटी का भी तापमान 30 डिग्री से अधिक हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी है। आईएमडी ने कहा है कि 20 जनवरी 2024 को रांची का अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया था, जो इस साल 27 डिग्री रहा। बात जमशेदपुर के अधिकतम तापमान की करें, तो यह पिछले वर्ष यानी 20 जनवरी 2024 को 21 डिग्री सेल्सियस था, जो 20 जनवरी 2025 को 30.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि इन दिनों जनवरी के महीने में ठंड की बजाय गर्मी का अहसास हो रहा है।

**जमशेदपुर, पलामू का तापमान 30 डिग्री के पार :** मौसम केंद्र की ओर से गुरुवार (23 जनवरी) को जारी वेदर रिपोर्ट के मुताबिक, जमशेदपुर का उच्चतम तापमान 30.9 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक है। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस है, जो सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक है। चाईबासा का उच्चतम तापमान 1 डिग्री बढ़कर 33.8 डिग्री सेल्सियस हो गया है, जो सामान्य से 7.9 डिग्री अधिक है।

**झारखंड के अधिकतर जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर :** राज्य के प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक हो गया है। राजधानी रांची समेत अधिकतर जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर चला गया है। रांची के न्यूनमत तापमान में 0.1 डिग्री की मामूली गिरावट आई है, लेकिन यह 12 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक है।

**चाईबासा का न्यूनतम तापमान बढ़ा :** जमशेदपुर के न्यूनतम तापमान में 1.1 डिग्री की वृद्धि हुई है और यह 12.8 डिग्री सेल्सियस हो गया है। यहां का न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक है। डाल्टेनगंज का न्यूनतम पारा 0.8 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 11.8 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक है। चाईबासा का न्यूनतम पारा 1.4 डिग्री बढ़कर 11.8 डिग्री रहा और यह सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

**झारखंड के प्रमुख शहरों में उच्चतम तापमान बढ़ा :** रांची, जमशेदपुर, डाल्टेनगंज और चाईबासा के उच्चतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। रांची का तापमान 2.2 डिग्री बढ़कर 28.8 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक है। जमशेदपुर का पारा 0.4 डिग्री बढ़कर 30.9 डिग्री हो गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक है। डाल्टेनगंज में भी तापमान 0.9 डिग्री बढ़ गया है। यहां का अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक है।

**गुमला का न्यूनतम तापमान सबसे कम :** झारखंड में सबसे कम न्यनतम तापमान गुमला जिले में रिकॉर्ड किया गया। यहां का न्यूनतम पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस रहा। चाईबासा का अधिकतम तापमान समूचे झारखंड में सबसे अधिक 33.8 डिग्री सेंटीग्रेड रहा। राजधानी रांची के हिनू में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री और कांके में 25.3 डिग्री दर्ज किया गया। हिनू का न्यूनतम तापमान आज 12 डिग्री और कांके का 10.3 डिग्री सेंटीग्रेड रहा।

# नेताजी की जयंती मना रहा है पूरा झारखंड

- राज्यपाल ने नेताजी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी
- कल्पना सोरेन ने आजादी के दौरान दिए गये नेताजी के नारों का जिक्र किया



**मेट्रो रेज**

**रांची:** आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती है। महान क्रांतिकारी और आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी के त्याग और बलिदान को पूरा देश याद कर रहा है। उनकी जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। रांची समेत झारखंड के अलग-अलग जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आम से लेकर खास लोग 'नेताजी' को अपने-अपने तरीके से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने राजभवन में नेताजी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि 'नेताजी का अदम्य साहस, राष्ट्र प्रेम और स्वतंत्रता के प्रति उनका समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है'।

झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेताजी को नमन करते हुए उनके नारे का जिक्र किया है, जिसमें नेताजी ने कहा था कि निजी जीवन से देश बड़ा होता है। 'हम मिटते हैं, तब देश खड़ा होता है'। गांडेय की विधायक सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने आजादी के संघर्ष के दौरान दिए गये नेताजी के नारों का जिक्र किया है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिन्द' जैसे ओजस्वी नारों से देशभक्ति की अलख जगाने वाले महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर शत शत नमन।

# बालिका गृह कांडः सीडब्ल्यूसी के पूर्व सदस्य गिरफ्तार

## लड़कियों के फोटो मांगने का है आरोप

**पलामूः** बालिका गृह यौन शोषण कांड के मामले में पलामू पुलिस ने बाल कल्याण समिति के पूर्व सदस्य को गिरफ्तार किया है। मेदिनीनगर टाउन महिला थाना की पुलिस ने सीडब्ल्यूसी के पूर्व सदस्य धीरेंद्र किशोर को उनके घर से गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से धीरेंद्र किशोर फरार थे, जिसके बाद से ही पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। बालिका गृह कांड में धीरेंद्र किशोर पर लड़कियों का फोटो मांगने के साथ-साथ यौन शोषण की घटना को भी दबाने का आरोप है।

**लड़कियों का फोटो मांगने का आरोप :** मेदिनीनगर टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि बालिका गृह कांड में सीडब्ल्यूसी के पूर्व सदस्य धीरेंद्र किशोर को गिरफ्तार किया गया है। धीरेंद्र किशोर पर लड़कियों का फोटो मांगने का भी आरोप है। पूरी घटना उनकी जानकारी में हुई थी। पुलिस पूरे मामले में फॉरेंसिक रिपोर्ट का भी इंतजार कर रही है। फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद कई बातों का भी खुलासा होगा।

**क्या है पूरा मामला :** बता दें कि एक महीने पहले पलामू के बालिका गृह में लड़कियों के साथ यौन शोषण की घटना निकलकर सामने आई थी। जिसके बाद पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने मौके से ही बालिका गृह के संचालक और काउंसलर को गिरफ्तार किया था। जबकि प्रशासनिक स्तर पर अलग से जांच की गई थी। इस दौरान डीसीपीओ, डीसीपीआई समेत कई कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया था।

# डीईओ निकला करोड़पति, निगरानी की एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी

**बेतियाः** बेतिया में गुरुवार की सुबह निगरानी विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) रजनीशकांत प्रवीण के आवास पर छापेमारी की। विजिलेंस की टीम सुबह डीईओ के बेतिया सरिसवा रोड स्थित किराए के मकान पर छापेमारी की है। पश्चिम चम्पारण के जिला शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के विरुद्ध उनके तीन ठिकानों पर विजिलेंस की स्पेशल टीम के छापामारी की है। जिला शिक्षा कार्यालय, डीईओ के सरिसवा रोड स्थित आवास और एनएच 727 में यामाहा शो रूम के पास एक निजी ट्रस्ट कार्यालय पर छापेमारी हुई है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिक्षक संगठनों में ने भी इनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे।

**1.87 करोड़ों रुपए से ज्यादा की संपत्ति का पता चला :** जानकारी के अनुसार बिहार विशेष निगरानी इकाई टीम द्वारा एक साथ उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। बिहार विशेष निगरानी इकाई के एडीजी पंकज कुमार दराद के निर्देश पर यह छापेमारी की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण बेतिया में पोस्टेड है। इनके घर दरभंगा, मधुबनी, बेतिया और समस्तीपुर और ठिकानों प्रवास कार्यालय विशेष निगरानी इकाई चार टीम छापेमारी कर रही है। प्रारंभिक जाँच लगभग 1.87 करोड़ों रुपए से ज्यादा की आय से अधिक सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। जांच दल के अनुसार एक विश्वसनीय स्त्रोत से विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई है कि रजनी कांत प्रवीण, जो वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी, बेतिया (पश्चिम चंपारण) के रूप में तैनात हैं, उन्होंने वर्ष 2005 से अब तक की अवधि के दौरान अवैध रूप से आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए लगभग 1,87,23,625/- रुपये की भारी चल और अचल संपत्ति अर्जित की है, जो उनके आय के वैध स्त्रोत से अधिक है।

**लगभग तीन करोड़ की संपत्ति होने का आरोप :** रजनी कांत प्रवीण और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर पटना, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में कई जमीन/फ्लैट हैं, जिनकी कीमत लगभग 2,92,92,225/- रुपये है। रजनी कांत प्रवीण और उनकी पत्नी ने अपनी सेवा अवधि के दौरान कानूनी स्त्रोतों से लगभग 2,52,00,000/- रुपये की कमाई की है। यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त अवधि के दौरान उनके द्वारा किया गया व्यय लगभग 1,46,31,400/- रुपये है। आरोप है कि अभियुक्त के पास लगभग 2,92,92,225/- रुपये की चल-अचल सम्पत्ति है, जो या तो उसके स्वयं के नाम पर है या उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर है, जो भ्रष्ट और अवैध साधनों से अवैध रूप से अर्जित की गई है।

**45वें बैच के अधिकारी हैं रंजनीकांत :** रजनी कांत प्रवीण बिहार राज्य शिक्षा विभाग के 45वें बैच के अधिकारी हैं। वे वर्ष 2005 में सेवा में आए और दरभंगा, समस्तीपुर और बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा अधिकारी के रूप में काम किया। उनकी सेवा की कुल अवधि लगभग 19-20 वर्ष है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी शुष्मा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और वर्तमान में ओपन माइंड बिरला स्कूल, दरभंगा की निदेशक/वास्तविक मालिक के रूप में कार्य कर रही हैं और रजनी कांत प्रवीण के अवैध रूप से अर्जित धन के वित्तीय समर्थन/निवेश से इस संस्थान को चला रही हैं।

# ईडी ने पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर छापेमारी की, आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी शुरू की। ईडी की टीम ने ज्यादातर कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में छापेमारी की। छापेमारी राज्य से संचालित एक कॉल सेंटर-सह-क्रिप्टोकरेंसी रैकेट के संबंध में की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में ईडी अधिकारियों की विभिन्न टीमें कोलकाता और उसके आसपास के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही हैं। एजेंसी की प्रत्येक टीम को सीएपीएफ के जवान सुरक्षा दे रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, यह विशेष रैकेट फर्जी कॉल सेंटरों के माध्यम से सॉफ्टवेयर से संबंधित सेवाएं देने के बहाने विदेशों में रहने वाले लोगों को धोखा देने और उसके बाद क्रिप्टोकरेंसी के रूप में एकत्र की गई राशि को विदेश में भेजने में शामिल था।

छापेमारी और तलाशी अभियान सुबह 8 बजे से 10 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार, ईडी अधिकारियों की कार्रवाई अभी भी जारी है। जिन स्थानों पर ईडी की टीम छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही है उनमें कोलकाता में बल्लीगंज, तोपसिया और पिकनिक गार्डन, साल्ट लेक, राजारहाट और शहर के उत्तरी बाहरी इलाके में सेक्टर वी का सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र शामिल हैं।

सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने कई स्थानों से कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं, जिनमें कागजी और डिजिटल दोनों तरह के दस्तावेज शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, कोलकाता के व्यवसायी राजेश गोयनका विशेष रूप से केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों की जांच के दायरे में हैं। धोखाधड़ी के शिकार लोगों से शिकायतें मिलने के बाद ईडी द्वारा गुरुवार को ये कार्रवाई की जा रही है। ईडी ने शिकायत मिलने के बाद प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों का मानना ??है कि इस रैकेट की मुख्य जड़ पश्चिम बंगाल में है। लेकिन इस बात की ज्यादा संभावना है कि इसकी शाखाएं अन्य राज्यों, विशेषकर पूर्वी भारत में भी हो सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी जब्त किए गए कागजात और डिजिटल दस्तावेजों की जांच करके पूरे जालसाजी में शामिल धन की सही मात्रा का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।



## रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, एक की दर्दनाक मौत

**रांचीः** राजधानी में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। रांची के खेलगांव ओपी क्षेत्र के बाबा चौक के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को कुचल दिया। घटना में एक सुरक्षाकर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा जेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल सुरक्षाकर्मी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**खेलगांव से जेल जाने के क्रम में हादसा :** बताया जा रहा है कि दोनों ही सुरक्षाकर्मी जेल में ड्यूटी करने के लिए बाइक पर सवार होकर बाबा चौक होते हुए रांची जेल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने दोनों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि रांची जेल में तैनात सुरक्षाकर्मी 49 वर्षीय समीर कुमार राय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरे जेल सुरक्षाकर्मी चन्द्र देव गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए।

**आर्मी से रिटायर होकर जेल में थे तैनात :** खेलगांव थाना प्रभारी चन्द्रशेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दोनों सुरक्षाकर्मियों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने समीर कुमार राय को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल चंद्रदेव का इलाज चल रहा है। मृतक समीर राय और घायल चंद्रदेव भारतीय सेना से रिटायर होकर रांची जेल में बहाल हुए थे। दोनों कर्मी नामकुम में रहा करते थे।

**वाहन की खोज जारी :** सुरक्षाकर्मियो को जिस वाहन ने कुचला है, अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है ताकि चार पहिया वाहन का पता लगाया जा सके।

# कर्तव्य पथ पर दिखेगी झारखंड की झांकी

## रतन टाटा की झलक होगी आकर्षण का केंद्र



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** 26 जनवरी 2025 को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी दिखेगी। इसमें झारखंड की विरासत, विकास और संस्कृति की झलक होगी। इस झांकी में स्वर्गीय रतन टाटा की मूर्ति आकर्षण के केंद्र में रहेगी। इसके जरिए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही यहां के पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को भी प्रदर्शित किया जाएगा। दरअसल, गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड की टीम ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है। इससे पहले वर्ष 2024 में दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर झारखंड की ओर से तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी।

खास बात है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड के पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की छात्राओं के दल को रोस्ट्रम में प्रदर्शन करने का गौरवशाली अवसर मिला है। यहां की छात्राएं दिल्ली में गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर रोस्ट्रम में पाइप बैंड के साथ प्रदर्शन करेंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए छात्राएं साल 2015 से प्रयासरत थीं, जो पूरे दस साल बाद यह सपना पूरा होने जा रहा है।

## लातेहार में भीषण सड़क हादसा, दो लोगों की मौत, तीन घायल

**लातेहारः** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सुग्गी मोड़ के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों में नवीन टोप्पो और वाल्टर कुजूर शामिल हैं। दोनों महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव के रहने वाले थे। दरअसल नवीन टोप्पो और अन्य लोग एक बोलेरो से महुआडांड़ में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी समारोह खत्म होने के बाद सभी लोग चैनपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुखी मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल कार में ही फंस गए। बाद में घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद लोगों को कार से बाहर निकाला। इनमें से दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अर्जुन केरकेट्टा, जेम्स टोप्पो और असित टोप्पो को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

न्यूज ब्रीफ



## नेचर हार्ट पब्लिक स्कुल ने सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

**मुरी :** आज नेचर हार्ट पब्लिक स्कूल मुरी द्वारा सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर प्रभात फेरी निकाली गई गेडेवीर शहीद स्व दिलीप कुमार बेदिया चौक से शुरू -आत कर स्कूल कैंपस तक पहुंची। इससे पहले स्कुल निदेशक आलोक महतो ने शहीद दिलीप कुमार बेदिया के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जिन्दाबाद के नारे लगाए। सुभाष चन्द्र बोस अमर रहे, दिलीप बेदिया अमर रहे के नारे लगे। स्कूल के बच्चे हाथ में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते प्रभात फेरी में चलते हुए स्कूल पहुंचे। तख्तियां में 'गीभ भी ब्लड, आई विल गीभ यु फ्रीडम ', 'वी वान्ट करप्शन फ्री इंडिया ' 'फ्रीडम इज नॉट गीभन बंट इट इज टेकन ,'के नारे लगाए गए।प्रभात फेरी में नरेश चंद्र महतो, अवधेश नारायण महतो, सुजीत सोरेन, सविता महतो, माया देवी, जयंती देवी, कुंती बेदिया, चिंता महतो, अर्चना कर्ण वेद,रूणीबाला,बसंती देवी, निशा,नीतु कुमारी,झरणा महतो, मोनिका देवी एवं स्कूल के छात्र-छात्राए शामिल थे।

## खनन टास्क फोर्स की आयोजित बैठक संपन्न



**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी,अंचल अधिकारी को अवैध खनन,परिवहन तथा भंडारण की नियमित रूप से नागरानी करने का निदेश दिया।उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन,परिवहन तथा भंडारण नहीं हो इसे सुनिश्चित करें साथ ही ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें।कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन प्रतिमाह उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। इस दौरान जानकारी दी गयी कि अवैध भंडारण से संबंधित एक प्राथमिकी हंसडीहा थाना में दर्ज की गयी है।उपायुक्त ने निदेश दिया कि सभी सरकारी बालू घाट की सूची सभी अंचल अधिकारी को उपलब्ध करा दें ताकि उन्हें सरकारी बालू घाट की जानकारी रहे तथा इन घाटों के अलावा किसी अन्य घाट से बालू के उठाव होने पर अंचल अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई कर सकें।

इस दौरान उन्होंने अवैध खदानों को चिन्हित करते हुए डोजरिंग करने का भी निर्देश दिया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार,डीएफओ सात्विक व्यास सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## इंद्रजीत यादव बीएसएनल का सलाहकार सदस्य नियुक्त



**रांची:** संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय भारत सरकार ने भाजपा हरमू मंडल के अध्यक्ष इंद्रजीत यादव को टेलीकॉम बीएसएनल का सलाहकार सदस्य नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति होने पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ,भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विधायक हटिया नवीन जायसवाल पार्षद अरुण कुमार झा ने बधाई एवं उत्कृष्ट कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी वही इंद्रजीत यादव ने सभी के प्रति आभार प्रकट की और कहा कि मुझे जैसे कार्यकर्ताओ की चितंन मंथन करने वाले शुभचिंतक बड़े भैया राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश जी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का दिल से आभार एक समान्य स्तर के कार्यकर्ता को मान सम्मान देने के लिए बहुत बहुत आभार बीएसएनएल के उपभोक्ता और जनता को यह विश्वास दिलाते हैं कि उनकी शिकायतों का उचित तरीकों से प्रतिनिधित्व मिलेगा और उनका निरारण भी किया जाएगा।

## हेसल जदुरा जतरा का हुआ आयोजन



**रांची:** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति सह हेसल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में हेसल जदुरा जतरा का आयोजन किया गया । भुनू पहान, पाईनभोरा सोहाराई मुंड़ा ने ईष्ट देव को रंगवा मुर्गा, माला मुर्गा और सफेद मुर्गा का बलि देकर ईष्ट देव से कामना किया कि सभी गांवों के लोग खुशहाल रहे, सुख-समृद्धि , भाईचारा बना रहे अन्न धन भरा, खेत खलिहान हरा भरा रहे यही इष्टदेव से कामना किया। जतरा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्यातिथि कल्याण मंत्री श्री चमरा लिंडा विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री श्री बंधु तिर्की ने किया। सभी मुख्यातिथिओ को सॉल एवं बुके माला ओढ़के सम्मानित किया गया । सभा को संबोधित करते हुए। मुख्यातिथि कल्याण मंत्री श्री चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड को बचना है तो हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा को बचना होगा, इनका संरक्षण होगा तभी हमरा अस्तित्व सुरक्षित रहेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि जतरा भाईचारा खुशियां बांटने एवं एकजुट का पर्व है।

अलग-अलग रहकर हमारी परंपरा एवं संस्कृति नही बचेगी, हमे अपनी संस्कृति को बचाने के लिए सामूहिकता को जिंदा रखना होगा।

आज हम आदिवासी जिस तरह अपने हक के लिए लड़ते हैं, उसी तरह अपनी पहचान अपनी संस्कृति को भी बचाएं रखना है ताकि आने वाले पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिल सके । आदिवासी समाज शिक्षा में काफी पिछड़ा है, अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा दे और अपने अधिकारो के प्रति सजग बने। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि जतरा और धार्मिक पारंपरिक आयोजनो को जिंदा रखने की आवश्यकता है । आने वाले पीढ़ी को अपने संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। ऐसे आयोजन से समाज में एकता का संचार होता है।

जतरा को अल्वीन लकड़ा, पूर्व मुखिया सुनिल तिर्की, चारे भगत, शाशि उरांव, सती तिर्की, अनिता उरांव ,अनुप किंडो इत्यादि ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य योगदान जितू तिर्की, बिक्की तिर्की, बाबू टोप्पो, गौतम कुजूर, अंजीत लकड़ा, राजू लकड़ा, बिष्णु तिर्की,अजय मुंडा, सती तिर्की, अनिता उरांव , सागर टोप्पो इत्यादि।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

संवाददाता




**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को संथाल परगना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त लालचन्द डाडेल की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह 2025 की तैयारियों से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त श्री डाडेल ने कहा कि प्रातः 9:00 बजे माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन दुमका में झंडोत्तोलन किया जाएगा।राजभवन में झंडोत्तोलन प्रातः 8:40 बजे पूर्वाह्न में होगा।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन राजकीय समारोह के मुख्य अतिथि रहेंगे। समारोह स्थल पर साज सज्जा,पंडाल और बैरिकेटिंग का कार्य ससमय पूरा कर लिया जाए। मंच पर बैठने की व्यवस्था में प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जाए।समारोह में आए विशिष्ट अतिथियों के लिए जगह निर्धारित हो तथा उन्हें ससम्मान उनकी निर्धारित स्थान पर बैठाया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया है कि नगर की साफ-सफाई एवं साज सजावट पूरी प्राथमिकता के साथ की जाए। शहर के सभी चौक चैराहों पर लगे महापुरूषों की प्रतिमा की साफ सफाई तथा 26 जनवरी को सूर्योदय के साथ सभी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह स्थल पर मेडिकल टीम को जरूरी दवाइयों के साथ प्रतिनियुक्त किया जाय साथ ही एम्बुलेंस की भी व्यवस्था समारोह स्थल पर सुनिश्चित की जाय।साथ ही पेयजल तथा शौचालय की भी व्यवस्था की जाय।

राजकीय समारोह के अवसर पर परिवहन व्यवस्था ठीक ढंग से होना चाहिये। पार्किंग की व्यवस्था सही तरीके से करें ताकि समारोह के उपरांत मुख्य अतिथि के जाने के पश्चात सभी अतिथि सुगमता से प्रस्थान कर सके तथा किसी प्रकार की भीड़ या जाम ना लगे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन में भव्य झांकियां भी निकाली जायेगी। उन्होंने सभी विभागों को निदेश दिया कि चूंकि झाकियाँ गणतंत्र दिवस समारोह में महत्वपूर्ण आकर्षण का केन्द्र रहती है।इनका प्रदर्शन उच्च स्तर का हो।सभी विभाग अपने विभाग द्वारा निकाले जाने वाले झांकी का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण करा लें।

इस दौरान उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने अपने प्रखंड में महापुरुषों की प्रतिमा की साफ सफाई का कार्य सुनिश्चित करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक दुमका पीताम्बर सिंह खेरवार, उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, डीएफओ सात्विक व्यास सहित जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 38 वे नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए किट लॉन्च व सेंड ऑफ सेरेमनी सम्पन्न

### झारखण्ड से 18 खेलो के तकरीबन 250 खिलाडी और अधिकारी लेंगे भाग




**रांची :** 38 वे नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए किट लॉन्च और सेंड ऑफ सेरेमनी बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम , रांची मे सम्पन्न हों गया. उत्तराखंड मे दिनांक 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक 38वे राष्ट्रीय खेल आयोजित होंगे जिसमे झारखण्ड से 18 खेलो के तकरीबन 250 खिलाडी और अधिकारी भाग लेंगे।

आज इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक पदाधिकारी श्री संदीप कुमार(भा.प्र.से.) मौजूद थे जिन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये उनके पदक जितने की कामना की। उन्होंने राज्य के खिलाड़ियों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

इसके पूर्व झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट श्री शेखर बोस ने सभी अतिथियों, कोच औ? खिलाड़ियों को सम्बोधित किया ।

इस अवसर प? उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। श्री मधुकांत पाठक ने नेशनल गेम्स के औचित्य पर प्रकाश डाला औ? इस बात की कामना की की झारखण्ड के खिलाडी ज्यादा से ज्यादा मेहनत करें औ? पदक जीते। कार्यक्रम का संचालन अजय झा ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिवेन्द्र दुबे ने किया।

**इनकी रही उपस्थिति :**आज इस अवसर पर विभागीय संयुक्त सचिव श्री राजकिशोर खाखा, डिप्टी डायरेक्टर खेल श्री राजेश कुमार सहित श्री एस के पांडे, चंचल भट्टाचार्य, विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार, सुमराई टेटे आदि ने अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

ये खेल है शामिल उत्तराखंड के विभिन्न शहरों मे आयोजित नेशनल गेम्स मे निम्न खेलो के खिलाडी भाग लेंगे. नेशनल गेम्स मे लगातार भाग ले रहें खेल आर्चरी, एथलेटिक्स, लॉन बॉल्स, वुशु,हॉकी, हैंडबॉल,बॉक्सिंग, जिम्नास्टिक,मलखम्भ, जुडो, स्विमिंग के साथ साथ साइकिलाग, मॉडर्न पेंटाथलॉन,शूटिंग, स्क्वायश, ट्रायथलॉन के 250 खिलाडी और अधिकारी भाग लेंगे.

नेशनल गेम्स के विभिन्न दल अपनी आयोजन तिथियों के हिसाब से उत्तराखंड के लिए रवाना होंगे।

### जिसका कोई नहीं उसका भगवान साथ देते हैं

# हरमू मुक्तिधाम में किया गया राजू कुमार का दाह संस्कार

**रांची :** आज चौवन वर्षीय राजू कुमार जो जनजातिय समाज से था, की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हो गई. राजू कुमार पिछले पच्चीस वर्षों से अधिक समय से राधारानी कुष्ठ आश्रम में रहते थे. बीमारी के कारण घरवालों ने उन्हे त्याग दिया था और उन्होंने घर को. वह खुद भी भूल चुके थे कि वह कहां से है. ठीक होने के बाद वह वहीं आश्रम में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा किया करते थे. उनका आगे पीछे कोई नहीं था अतः विश्व हिन्दू परिषद झारखंड के सेवा विभाग के विश्व हिन्दू परिषद झारखंड के प्रांतीय सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने



उनके विधिवत दाह संस्कार करने का बीड़ा उठाया।

नारनौली अग्रवाल समाज के संतोष अग्रवाल जिन्होने अबतक 50 से अधिक अनाथ शवों का दाह संस्कार किया है, अपने अनुज राजेश अग्रवाल के साथ उनको मुखाग्नि दी और चिता को सजाया विजय मिंज ने. प्रकाश बजाज, ओम प्रकाश सर्राफ, जितेन्द्र महतो कांके, अभय मिंज, आशीष मिंज, मनोज मुंडा काटमकुल्ली पिठूरिया, उत्तम साहू राहे, महेन्द्र लोहरा जगन्नाथपुर, विहिप के प्रान्तीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह मुंडा, विहिप रांची महानगर के कैलाश केसरी, सेवा विभाग के प्रांतीय सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, महेन्द्र अरोड़ा गुरुद्वारा, चन्द्रभान तनेजा राधाकृष्ण मंदिर (बिरला मैदान) रातू रोड़ सूरज झंडई नानक सेवा जत्था सभी ने अंतिम संस्कार के समय उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की और उनकी सद्गति के लिए प्रार्थना की।

विहिप सेवा विभाग के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि रांची महानगर में किसी भी अनाथ के दाह संस्कार का दायित्व सेवा विभाग विश्व हिन्दू परिषद झारखंड की रांची महानगर शाखा ने उठाया हुआ है. पिछले 10 वर्षों में एक हजार से अधिक मृतकों को विधिवत सनातन रीति से पंचतत्व में विलीन कराया गया है.

किसी ने सच ही कहा है जिसका कोई नहीं उसका भगवान होता है. मृतक राजू कुमार के शव को पंचतत्व में विलीन हेतु पूरा समाज उठ खड़ा हुआ।

# अधिवक्ता परिषद किया युवा दिवस का आयोजन

**रांची :** अधिवक्ता परिषद झारखंड उच्च न्यायालय इकाई के द्वारा युवा दिवस का आयोजन उच्च न्यायालय स्थित एडवोकेट एसोसिएशन के हाल नंबर 5 में किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा की भी गरिमामय उपस्थिति रही इनके अलावा वरीय अधिवक्ता की राजीव शर्मा, आर एन सहाय एवं जे पी झा एवं अन्य गणमान्य अधिवक्ता विशेष रूप से उपस्थित थे जिससे युवा दिवस की सुंदरता एवं साक्षमता में चार चांद लग गया ' कार्यक्रम का संचालन श्री अवनीश रंजन मिश्रा के द्वारा भाव विभोर कर देने वाली उत्कृष्ट शैली के साथ तालियों के गड़-गड़ाहट के बीच किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री पवन कुमार पाठक महासचिव अधिवक्ता परिषद झारखंड उच्च न्यायालय इकाई के द्वारा किया गया ' कार्यक्रम में युवा अधिवक्ता श्री रोमित जी के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया वहीं श्री अजय कुमार पाठक अधिवक्ता के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की विश्लेषणात्मक एवं व्याख्यात्मक शैली पर प्रकाश डाला गया। दूसरी ओर श्री आर एन सहाय वरीय अधिवक्ता द्वारा यह बताया गया कि उन्होंने किस प्रकार अपनी विशिष्ट प्रतिभा के द्वारा विश्व पटल पर सनातन धर्म को प्रतिष्ठित किया तथा श्री अनिल कुमार कश्यप वरीय अधिवक्ता के द्वारा यह बताया गया कि स्वामी विवेकानंद क्यों अनुकरणीय है एवं उनकी जीवन शैली आज के समाज के लिए क्यों आवश्यक है, उन्होंने उनके जीवन काल की अनेक घटनाओं के माध्यम से यह बताया कि युवा शक्ति का महत्व क्या है स्वामी विवेकानंद जी क्यों और कैसे युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। मंच पर उपस्थित वरीय अधिवक्ता श्री राजीव शर्मा द्वारा सनातन धर्म पर प्रकाश डाला गया तथा प्रांतीय अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा अधिवक्ता परिषद द्वारा वर्ष में मनाया जाने वाले उत्सव की चर्चा की गई तथा उन्होंने युवा दिवस एवं अधिवक्ता विषय पर विशेष चर्चा किया एवं विभिन्न उदाहरणों के द्वारा इस विषय की व्याख्या की ' इसके अलावे इस कार्यक्रम में श्रीमती विभा बक्शी राष्ट्रीय परिषद सदस्य, संजीव ठाकुर अधिवक्ता, मित सिन्हा जी अधिवक्ता, जितेंद्र त्रिपाठी जी अधिवक्ता, इंदु परासर जी अधिवक्ता, लीना मुखर्जी अधिवक्ता, कृष्ण मुरारी अधिवक्ता, संजय कुमार सिंह अधिवक्ता एवं अन्य गणमान्य अधिवक्ता गण की गरिमामय उपस्थिति रही। यह जानकारी झारखण्ड अधिवक्ता परिषद के प्रांत मीडिया सह प्रमुख श्री रीतेश कुमार बॉबी, अधिवक्ता के द्वारा दी गई।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव पर हुआ विशेष पूजा आरती

### अयोध्या का श्री राम मंदिर भारतीय इतिहास के गौरव का प्रतीकः डूंगरमल अग्रवाल



203

**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे विशेष श्रृंगार, पूजा- अर्चना, भोग, भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन गायक मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया एवं निर्मल जालान ने श्री राम, हनुमान,राधा कृष्ण पर आधारित गाए हुए कई सुमधुर मनमोहक भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा दरबार जय श्री राम, जय श्री कृष्णा के नारों से गुंजायमान हो गया। सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से महाआरती किया। तथा भोग एवं प्रसाद का वितरण किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट मुरली की पूजा-अर्चना पूरे विधि विधान से विधिवत किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे पूरे श्रद्धा भाव के साथ भक्त जनों को पूजा अर्चना कराकर प्रसाद बांटें। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा की अयोध्या का राम मंदिर भारतीय इतिहास के गौरव का प्रतीक है यह मंदिर केवल राम की जन्मस्थली ही नहीं बल्कि हमारी अस्मिता धैर्य की पहचान है। सैकड़ो वर्षों के संघर्ष के बाद

## भ्रष्ट आईएएस को निलंबन मुक्त नहीं सेवा से बर्खास्त करना चाहिए :विजय शंकर नायक



**रांची:** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आईएएस पदाधिकारी पूजा सिंघल को निलंबन समीक्षा समिति के अनुशंसा पर सरकार ने निलंबन मुक्त किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही । इन्होने आगे कहा कि भ्रष्ट आईएएस पूजा सिंघल को निलंबन मुक्त किया जाने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा जो राज्य के लिए शुभ संकेत नही है। नायक ने आगे कहा कि 2000 बैच की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल मनी लॉन्ड्रिंग मामले मे ईडी ने 12 मई 2022 को तत्कालीन खान सचिव को गिरफ्तार किया और पूजा सिंघल को ईडी ने मनरेगा घोटाले की जांच के दौरान उन पर शिकंजा कसा था। ईडी का आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर अवैध धन अर्जित किया। इस मामले में ईडी ने पूजा सिंघल के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान करोड़ों रुपये नकद बरामद हुए थे। नायक ने आगे कहा कि खूंटी जिले की डिप्टी कमिश्नर रहने के दौरान उन पर मनरेगा फंड से 18 करोड़ की हेराफेरी के आरोप लगे जब वह चतरा की डिप्?टी कमिश?नर रहीं, तो यहां भी उनके खिलाफ इसी तरह के आरोप लगे. यहां भी उन पर 4 करोड़ रुपये के मनरेगा फंड में गड़बड़ी के आरोप लगे पलामू में भी उन पर खदानों के लिए नियमों में ढील देकर जमीन आवंटित करने के आरोप लगे थे । पूजा सिंघल ने भारत नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) इठर की धारा 479 के तहत जमानत मांगी है। इस धारा के अनुसार, अगर किसी आरोपी का यह पहला अपराध है और उसने अधिकतम सजा का एक तिहाई हिस्सा जेल में बिता लिया है, तो वह जमानत का हकदार है। पूजा सिंघल ने जेल से ही बंदी पत्र लिखकर यह याचिका दायर की थी । मगर उनका यह पहला अपराध नही था जबकि जेल के बजाय वे ज्यादातर समय रांची के एक अस्पताल में बिताया था और सुप्रीम कोर्ट ने उनके जमानत पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह एक ₹असाधारण मामला₹ है तो फिर बीएनएस के आधार पर पीएमएलए कोर्ट ने कैसे जमानत दिया। श्री नायक ने हेमंत सोरेन सरकार और कार्मिक एंव प्रशासनिक सुधार विभाग से मांग किया कि ये जब तक मनी लॉन्ड्रिंग के केस से एवम अन्य भ्रष्टाचार के आरोप से बरी नही हो जाती है तब तक इन्हे कोई भी राज्य के महत्वपूर्ण विभाग नही सौपें जाय और इन्हे अकार्य जैसे पद ही दिये जाय ताकि फिर से ये भ्रष्टाचार नही कर सके।

# निर्माणाधीन विधायक आवास परिसर का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया निरीक्षण,अधिकारियों को दिए कई निर्देश

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर विधानसभा के पास बन रहे विधायकों के आवास का जायजा लेने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अचानक पहुंचे। इस दौरान निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।



निर्माणाधीन विधायक आवास का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आवास के अलावा यहां बन रहे हेल्थ सेंटर, शॉपिंग कंपलेक्स बिजली प्लेग्राउंड चिल्ड्रन पार्क ड्रेनेज सिस्टम सहित अन्य निर्माण कार्यों का वास्तविक स्थिति को देखा। निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि विधायकगण को आवास मुहैया कराया जा सके। इस मौके पर निर्माण कार्य कर रही कंपनी के अधिकारियों के द्वारा मुख्यमंत्री को आगामी जून महीने तक निर्माण कार्य पूरा कर लेने का आश्वासन दिया गया।

**अत्याधुनिक सुविधा से लैस होगा विधायक आवासीय परिसर** : जगन्नाथपुर में बन रहे विधायक आवासीय परिसर अत्याधुनिक सुविधा से लैस होगा। निमार्णाधीन इस परिसर में 70 डुपलेक्स बन रहे हैं जिसकी आधारशिला 20 नवंबर 2022 को रखी गई थी। 43.15 एकड़ भूमि पर 216 करोड़ की लागत से बन रहे विधायक आवासीय परिसर में डुपलेक्स के अलावा एक प्रेक्षागृह, एक इनडोर स्टेडियम, चिल्ड्रेन पार्क आदि की सुविधा रहेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कराने का निर्देश देते हुए कहा कि अभी विधायकों के लिए आवासीय व्यवस्था व्यवस्थित नहीं है। जिस वजह से राजधानी के अलग-अलग जगह में ये रह रहे हैं। यहां एक साथ आवासीय सुविधा होने से काफी सहूलियत मिलेगी। एक ही कैंपस में रहने के लिए हमारे विधायकों को बेहतर और व्यवस्थित और सभी सुविधाओं से युक्त आवास मिलेगा। विधायक आवासीय परिसर के निर्माण होने से सभी विधायकों को एक ही कैंपस में रहने के लिए एक बेहतर, व्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त आवास मिलेगा। मुख्यमंत्री के विधायक आवासीय परिसर के निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## समाजसेविका अंजू बजाज ने स्लम एरिया के बच्चों संग मनाई जन्मदिन की खुशियां



मेट्रो रेज

**रांची :** शहर के रातु रोड स्थित ओटीसी ग्राउंड निवासी अंजू बजाज ने बुधवार (22 जनवरी) को अपना जन्मदिन स्लम एरिया के बच्चों संग मनाया। श्रीमती बजाज ने छोटे-छोटे स्कूली बच्चों की मौजूदगी में केक काटा व जन्मदिन की खुशियां बांटी। उन्होंने इस अवसर पर हरमू हाउसिंग कॉलोनी के (एचआई/01-100) स्थित कल्याण एवं विकास समिति के कार्यालय परिसर में बच्चों के बीच मिठाइयां व अन्य सामग्री का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हाशिए पर रह रहे समाज के निचले तबके के लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों संग जन्मदिन व अन्य अवसरों पर खुशियां मनाने से मानव जीवन का उद्देश्य सफल होता है। गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा से सुखद अनुभूति होती है। वहीं, शहर के जाने-माने व्यवसायी व सामाजिक कार्यकर्ता अनिल बजाज ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। गरीबों व जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटना पुण्य कार्य है। इस अवसर पर काफी संख्या में स्कूली बच्चे व उन्हें निःशुल्क कोचिंग कराने वाले सेवानिवृत सैन्यकर्मी ललन कुमार मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।

## एकता कमेटी ने बच्चों के साथ मनाया नेताजी का जयंती



**रांची :** भारतीय एकता कमेटी सरकार से रजिस्टर्ड सामाजिक संस्था मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड रांची में देश के महान वीर स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गरीब असहाय मासूम बच्चे जो एकता कमेटी में पढ़ते हैं सभी उपस्थित थे। सभी को पठन-पाठन सामग्री और मिठाई चॉकलेट बिस्कुट आदि भी दिए गए। इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने नेताजी के चित्र पर माल अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा के नेता जी के जैसे हम सभी को बनना है और सभी बच्चों को भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जैसा बनना है और नेताजी के बताए हुए रास्ते पर चलकर हम सभी अपने प्यारे महान देश का भला कर सकते हैं ।हम सभी को चाहिए कि हर समय अपने देश के लिए तन मन धन का त्याग और बलिदान देने के लिए हमेशा तैयार रहने की जरूरत है हम सभी को वीर स्वतंत्रता सेनानी जितने भी हमारे देश में गुजर गए हैं। उन सभी को याद रखना है और उन सभी के बताए हुए मार्गदर्शन पर चलना है जय हिंद जय भारत का नारा हम सभी को लगाना है आज के अवसर पर प्रमोद कुमार गुप्ता, सचिव रामेश्वर राम, मोहम्मद जफर, एलियस कश्यप, मोहम्मद अशफाक, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद शमशाद, विजय कुजूर, संजय सिंघानिया, गुलाम रब्बास, राजेश मल्होत्रा और भी कई लोग उपस्थित थे।

## पीएम केयर फंड और इलेक्टोरल बॉन्ड पर झामुमो ने मांगा बीजेपी से हिसाब

**रांची:** कोरोना काल के समय झारखंड में आपदा प्रबंधन विभाग से खर्च के लिए स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग, पुलिस, समाज कल्याण, कृषि विभाग को राशि दी गयी थी। अब आपदा विभाग की ओर से उस दौर में खर्च की गई राशि और मिलान किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य सहित कई विभागों को मिली राशि और खर्च हुई राशि का मिलान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में भाजपा ने इसे हेमंत सरकार द्वारा आपदा में अवसर तलाशते हुए बड़े घपले का आरोप सत्ताधारी दलों के नेताओं पर लगाया है। तो इसका जवाब झामुमो की ओर से आया है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि हमारी ही सरकार के एक विभाग ने कोरोना काल में हुए खर्च का मिलान करने का फैसला लिया। हेमंत सोरेन की सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ एक एक पैसे का हिसाब देगी। लेकिन उसी समय में केंद्र की मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री राहत कोष के होते हुए पीएम केयर फंड के नाम से नया ट्रस्ट बनाया था। इसे ऑडिट के प्रावधानों से अलग रखा गया है। पीएम केयर फंड में कितनी राशि मिली और उसका खर्च कहां कहां हुआ, इसका हिसाब भाजपा के सांसदों को संसद में पीएम नरेंद्र मोदी से मांगना चाहिए।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर
गोला रोड, रामगढ़ कैंट
ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, रामगढ़ एवं जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, रामगढ़ को विद्यालय का अनुश्रवण हेतु निबंधित वाहन उपलब्ध कराया जाना है। निबंधित वाहन उपलब्ध कराने के लिए जिले में निबंधित इच्छुक संस्थानों से मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़ रामगढ़ से निविदा प्रपत्र दिनांक–24.01.2025 से 31.01.2025 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक–01.02.2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक निविदा समर्पित की जायेगी तथा दिनांक–01.02.2025 को अपराह्न 03:00 बजे झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़ रामगढ़ में निविदा खोली जायेगी। निविदा को संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विश्वासभाजन
ह०/– जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़

PR 344914 District (24-25)_D




## राज्य के सभी जिलों में एक साथ पुलिस अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्या, हुआ ऑन द स्पॉट समाधान

**रांची:** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 2 हजार से ज्यादा शिकायतें सामने आईं। कई को ऑन द स्पॉट ही सॉल्व किया गया। जबकि बाकी में तुरंत समाधान के लिए सीनियर पुलिस अधिकारियों के द्वारा निर्देश जारी किया गया।

झारखंड के सभी जिलों में 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा जनसंपर्क शिविर, बैनर, प्रचार वाहन, पोस्टर, पंपलेट सहित स्थानीय अखबार एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आम नागरिकों को जानकारी साझा की गई थी। उचित प्रचार प्रसार करने की वजह से राज्य के हर जिले में फरियादी अपनी फरियाद लेकर वरीय अधिकारियों तक पहुंचे थे।

कार्यक्रम की इस पहल से यह सुनिश्चित किया गया कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की कोई समस्या जैसे जमीन, अपराध, महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध और किसी भी पीड़ित को थानों के चक्कर न काटना पड़े। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को थाने में पहुंचने पर तत्काल सहज रूप से समस्याओं का समाधान उपलब्ध हो सके तथा आम जनता और पुलिस की बीच विश्वास को मजबूत किया जा सके।

इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उसका समाधान करने के लिये और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस एव अन्य अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भूमिका निभाई। कार्यक्रम की सफलता को सुनिश्चित करने एवं शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय के स्तर से निम्नलिखित पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न जिलो में निगरानी करने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया था।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मेट्रो रेज

**रांची :** आज पूरा देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मना रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस भी कहा जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक 'नेताजी' का जन्म आज ही के दिन 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। इस मौके पर दुमका में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ प्रदेश और जिला स्तर के कई कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



**देश को आजाद करने में नेताजी की अहम भूमिका :** इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश की आजादी में सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका रही। उन्होंने 'आजाद हिंद फौज' की स्थापना की। उन्होंने देश में जागृति लाने के लिए पूरे देश का भ्रमण किया। झारखंड के रांची, जमशेदपुर, देवघर और अन्य जगहों में आकर लोगों के बीच स्वतंत्रता का अलख जगाया, जिसका काफी सकारात्मक परिणाम हुआ और हमलोग 1947 में आजाद हुए।

**नेहरू सरकार ने विकसित भारत की नींव रखी :** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने जो देश की आजादी और उसके बाद नवभारत निर्माण का जो सपना देखा था उसे आजादी के बाद बनने वाली कांग्रेस की नेहरू सरकार ने धरातल पर उतारा।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी
Email – dddokhunti@gmail.com

–:आवश्यक सूचना:–

वित्तीय वर्ष 2024–25 की अवधि में राज्य योजनान्तर्गत खूँटी जिला में कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक लघु उद्यमियों/युवा शिक्षित, बेरोजगारों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों/सखी मण्डलों का चयन हेतु पालकों द्वारा प्रकाशित पत्राचार के 15 दिनों के अन्दर संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम

-: 50 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | बैंक ऋण/लाभुक अंशदान | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 33.33 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के लिए) | 25 प्रतिशत (सामान्य सभी जातियों के लिए) | 66.67 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के लिए) | 75 प्रतिशत (सामान्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (25 गाय/भैंस) | 3976250/- | 767841/- | 575938/- | 1535909/- | 1727812/- |
| द्वितीय चरण (25 गाय/भैंस) | | 557444/- | 418125/- | 1115056/- | 1254375/- |

विभागीय राज्यादेश सं०– 23 रा०(वि०),दिनांक– 31.07.2024 के क्रम में अहर्ता/नियम व शर्तें–

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, खूँटी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू०– 10000/– अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 50 दुधारू गाय/भैंस की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशुविक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- लाभुक अंशदान के मामले में (50 गाय/भैंस) के चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्ता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :–विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी, से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर नि:शुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
खूँटी

PR 344918 Agriculture(24-25).D

# विकसित भारत कार्यक्रम के तहत जुड़ेगा पालोना का मुद्दा : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री

**रांची:** राजधानी रांची में बुधवार को शिशु शुसंरक्षण अधिनियम (आईपीए) पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने यह भरोसा दिलाया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम विकसित भारत कार्यक्रम के तहत पालोना के विषय को भी जोड़ा जाएगा।

**पालोना के माध्यम से शिशु परित्याग को लेकर गंभीर मंथन :** शिशु संरक्षण अधिनियम पर रांची में बुधवार को राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन पालोना संस्था की ओर से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि इस विषय की गंभीरता और प्रयास और इसकी स्पष्टता पालोना नाम से ही स्पष्ट हो जाता है। ऐसे बच्चे देश में लाखों की संख्या में हैं जो रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ कई शहर के कूड़ेदानों में मिल रहे हैं। ऐसे बच्चों की रक्षा के लिए पालोना संस्था की मोनिका गुंजन आर्य के द्वारा और दूसरे संगठनों के द्वारा जो प्रयास किये जा रहे हैं वह सराहनीय हैं। राज्य रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा इस अभियान के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। इस अभियान से पूरी तरह जुड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री के तौर पर जब भी मेरी आवश्यकता होगी मैं साथ खड़ा रहूंगा।



**जागरूकता बेहद जरूरी :** बाल संरक्षण आयोग के पूर्व निदेशक डीके सक्सेना ने कहा कि यह एक ऐसा विषय है जिस पर जानकारी और जागरूकता काफी कम है। 2019 में मेरी मुलाकात पालोना की संस्थापक मोनिका से हुई थी। उसके बाद से मैं इस मुहिम से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ हूं। यह एक ऐसा विषय है जिस पर सबको काम करने की जरूरत है। पालोना की संस्थापक मोनिका का प्रयास काफी सराहनीय है। इससे काफी जागरूकता हुई है। इस क्षेत्र में अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। अभी हमारे पास शिशु संरक्षण से संबंधित कोई कानून नहीं है, लेकिन कानून आने के बाद भी इस क्षेत्र में जागरूकता की जरूरत है।

**क्या है पालोना :** झारखंड में शिशु की गर्भ में हत्या और नवजात शिशु का परित्याग एक बड़ी समस्या है। अक्सर मीडिया में ऐसी खबरें सुर्खियो में रहती हैं, जिनमे यह पता चलता है की बिनब्याही मां, बेटे की चाहत में या फिर प्रेमी के द्वारा धोखा दिये जाने के बाद मां अपने बच्चो का परित्याग या फिर अनजाने में उनकी हत्या कर डालती हैं। ऐसे तमाम शिशु को बचाने के लिए रांची में एक महिला सामने आई जिन्हें लोग मोनिका गुंजन आर्या के नाम से जानते हैं। मोनिका गुंजन के अथक प्रयास से अब शिशु परित्याग और भ्रूण हत्या जैसे मामलों में एफआईआर भी दर्ज होने लगे हैं। लेकिन इस समस्या को राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। इसी उद्देश्य से रांची में पालोना के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## सुविचार

**हमारा अस्तित्व हमारे कर्म से है**
**किसी के नजरिये से नहीं है**

## बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर

भारत में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना, इसे मनाने का मुख्य उदेश्य है। हमारे देश में बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है- आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद वह अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं, हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नहीं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते हैं तो हम सबका यही फर्ज बनता है कि हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ायें। उन्हें इतना सशक्त बनायें कि खुद गर्व से कह सकें कि देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े-लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए जरूरी भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेंगे।

# कब तक अनसुलझा रहेगा नेताजी की मौत का रहस्य?

**नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था।**

**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फामोर्सा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई। हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं। दरअसल, नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था।

नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के बाद अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है।

हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हुई हो या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो। कुल मिलाकर, उनकी मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है और इस रहस्य को सुलझाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# प्रयागराज कुंभ: बारूदी धुएं में कराह रही मानवता के कल्याण के लिए उद्घोष

**यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक, इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले। इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरुआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई ।**

**संजय तिवारी**

विश्व संत्रस्त है। अनेक देश युद्ध की विभीषिका में हैं। मानवता कराह रही है। स्त्रियों, वृद्धों, मासूम बच्चों की लाशें गिनती से बाहर हैं। पश्चिम में बारूद ही बारूद है। भारत के पास -पड़ोस में भी बारूदी धुएं से वातावरण दूषित है। मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन बनकर रक्त पिपासु हो गया है। किसी देश का नाम लें यह जरूरी नहीं किंतु दृश्य भयावह हैं। कई वर्षों से असमान में तोप, रॉकेट और सुपरसोनिक युद्ध विमान कोहराम मचाए हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत की सनातन संस्कृति अपने सृष्टि पर्व के माध्यम से विश्व के कल्याण का उद्घोष कर रही है। गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी तट पर प्रयाग राज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्वगुरु भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रयाग की धरती से भारत विश्व को मानवता और लोक कल्याण का संदेश दे रहा है। भारत की संस्कृति, अध्यात्म और आस्था के आगे विश्व नतमस्तक है। धरती का हर कोना प्रयागराज से आकर्षित है। सभी यहां आना चाहते हैं। सभी पवित्र त्रिवेणी में डुबकी भी लगाना चाहते हैं। यह वास्तव में विश्व के अन्वेषकों और चिंतनशील शोधार्थियों के लिए कौतुक जैसा है। ऐसा क्यों है, यह विचारणीय है। अभी कुछ ही दिन हुए, 26 दिसंबर 2024 को द हिंदू ने हिंसाग्रस्त विश्व के हालात पर रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में कई ऐसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हुए, जिन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक स्थिरता को चुनौती दी। यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक, इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले। इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरुआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई , जिसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को अपनी सीमाओं की ओर बढ़ने से रोकना था। अक्टूबर 2023 में उग्रवादी समूह हमास ने गाजा में हमला किया, जिसमें 1,000 से अधिक लोग मारे गए और फिलिस्तीन के विरुद्ध इजरायल की ओर से बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई की गई। जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ा, इजरायल की लड़ाई ईरानी प्रॉक्सी के खिलाफ अन्य क्षेत्रों में भी फैल गई, जिनमें हमास भी शामिल है। यमन में हूती विद्रोहियों ने जहाजों और अन्य जहाजों को रोका और उन पर हमला किया जिन्हें उन्होंने इजरायल की सहायता करने वाला बताया। लेबनान में हिज्बुल्लाह के आतंकवादियों ने सीमा पर इजरायल के साथ गोलीबारी की। सितंबर में, इजराइल ने हिज्बुल्लाह के पेजिंग उपकरणों को निशाना बनाया, जिससे दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों लोग घायल हो गए। नवंबर में एक युद्धविराम समझौते ने क्षेत्रीय तनाव को कम कर दिया। हालाँकि, सीरियाई विद्रोहियों ने ईरान समर्थित असद सरकार के खिलाफ तेज हमले शुरू कर दिए और उनकी सरकार को गिरा दिया, जिससे हिंसा का एक नया दौर शुरू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही यूक्रेन को अमेरिका से मिलने वाले समर्थन में बदलाव आने की संभावना बनी। इस बीच, क्षेत्र में ईरानी प्रॉक्सी कमजोर हो गए हैं, जिससे इजरायल को अपनी क्षेत्रीय स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया है। सशस्त्र संघर्ष स्थान और घटना डेटा डेटाबेस हर संघर्ष घटना और उससे जुड़ी मौतों को रिकॉर्ड करता है। इस डेटा के आधार पर, संघर्ष सूचकांक तैयार किया जाता है। सूचकांक प्रत्येक देश को चार मापदंडों के आधार पर रैंक करता है- घातकता (मृत्यु की संख्या), खतरा (नागरिकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं की संख्या), प्रसार (हिंसा कितनी व्यापक है) और विखंडन (गैर-राज्य सशस्त्र, संगठित समूहों की संख्या)। इन मापदंडों के आधार पर प्रत्येक देश को संघर्ष श्रेणी और रैंकिंग दी जाती है। 12 दिसंबर 2024 से पहले के 12 महीनों के लिए 10 देशों को चरम संघर्ष वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। ये हैं- फिलिस्तीन, म्यांमार, सीरिया, मैक्सिको, नाइजीरिया, ब्राजील, लेबनान, सूडान, कैमरून और कोलंबिया। जैसे-जैसे 2024 खत्म होने को आ रहा था, नए और चल रहे युद्धों के कारण संघर्ष क्षेत्रों में मौतों में वृद्धि हो रही थी जो 2025 के आरम्भ में अभी बढ़ ही रही है। 2024 में साल एक जनवरी से 13 दिसंबर तक, युद्धों, विस्फोटों, दूरस्थ हिंसा और नागरिकों के खिलाफ हिंसा में 200,000 से अधिक लोग मारे गए। इस मृत्यु दर का लगभग आधा हिस्सा मुख्य रूप से तीन देशों से आता है: यूक्रेन, फिलिस्तीन और म्यांमार। हालांकि वास्तविक मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है।

पिछले वर्षों में, अफगानिस्तान में संघर्ष से संबंधित मौतों का एक बड़ा हिस्सा रहा है, खासकर तालिबान द्वारा सरकार पर कब्जा करने से पहले। हालाँकि, पिछले वर्षों में, यूक्रेन और फिलिस्तीन में होने वाली मौतों ने मरने वालों की संख्या में एक बड़ा हिस्सा बना लिया है। इस बीच, म्यांमार में सरकार को उखाड़ फेंकने वाले एक सैन्य तख्तापलट के बाद, देश ने भी हाल के वर्षों में बढ़ती मृत्यु दर में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह कितना अमानवीय है कि विश्व केवल मौतों के सामान जुटाने और आंकड़े इकट्ठा करने में लगा है।2024 में इस तरह की हिंसा के कारण हर महीने औसतन लगभग 5,500 मौतें हुईं, जो 2023 में लगभग 5,300 प्रति माह और 2020 में लगभग 3,100 प्रति माह थी। जैसे-जैसे साल 2024 खत्म हो रहा था, ये संकट अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, संघर्ष समाधान और मानवीय हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता की कड़ी याद दिलाते रहे। इस रिपोर्ट में सबकुछ सत्य नहीं है किंतु सत्य के काफी निकट अवश्य है। वैश्विक परिदृश्य में सनातन भारत की यह खगोलीय महाविज्ञानिक घटना अपने 46 दिनों की इस अवधि में बहुत कुछ स्थापित करने वाली है। यह सनातन भारत की आत्मिक शक्ति है जिसके आगे दुनिया नतमस्तक है। यही है कुंभ और यही है भारत की वह भारतीय सनातनी परंपरा जो भारत को विश्वगुरु बना देती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भगवान शंकर के विवाह के सहमति के बाद

भगवान शंकर ने जैसे ही विवाह के लिए अपनी सहमति दी, तो चारों ओर मंगल छा गया। देवताओं को तो मानों डूबते हुओं को किनारा मिल गया। ऐसे लगा, कि जैसे उन्हें किसी ने चिता से उठाकर नवजीवन प्रदान कर दिया हो। इससे पूर्व तो वे अपने प्राणों को समाप्त हुआ ही मान लिए थे। विवाह का शंखनाद होते ही, सभी देवता भाँति-भाँति के वाहन और विमान सजाने लगे। कल्याणप्रद मंगल शकुन होने लगे और अप्सराएँ सुंदर सुंदर गीत गाने लगीं-

भगवान शंकर के गणों ने जब यह देखा, कि देवता भी कैसे अजीब हैं? विवाह तो भगवान शंकर का है, और सजने का चाव इन देवताओं को चढ़ा हुआ है। दूल्हा होने के नाते तो भोलेनाथ को ही विशेष प्रकार से सजाना चाहिए। किंतु देवताओं की तो प्रथा ही निराली है। भगवान शंकर को श्रृँगारित करने की बजाये, वे तो स्वयं को ही सजाने में मस्त हो गये। इससे स्पष्ट है, कि उन्हें भगवान शंकर से कोई लेना देना अथवा, आँतरिक लगाव नहीं है। वे तो बस अपना उल्लू साधने में लगे हैं। कोई उनसे पूछे, कि भई बारात में सभी दूल्हे को देखते हैं, कि बारातियों को? अब बाराती भले ही कितने ही सुंदर वेषों वाले व श्रेष्ठ क्यों न हों? किंतु अगर उस बारात में दूल्हा ही न हो, तो क्या उस बारात का कोई मूल्य रह जाता है? होना तो यही चाहिए था, कि देवता सर्वप्रथम भगवान भोले नाथ की साज सज्जा में लगते, किंतु वे तो अपने मुख सजाने में ही लग गए। जबकि वह भी तो समय था, जब तारकासुर के भय से उनके मुँह की हवाईयाँ उड़ी हुई थी।

खैर! शिवगणों को इससे बहुत पड़ी भी नहीं थी। कारण कि भगवान शंकर का श्रृँगार करने का चाव तो उन्हें ही था, कारण कि वे तो भोलनाथ को निःस्वार्थ प्रेम जो करते थे। सभी शिवगण आनंद मग्न हो भगवान शंकर के श्रृँगार में जुट गए- ह्यसिवहि संभु गन करहिं सिंगारा।

शिवजी के गणों ने भोलेनाथ की जटाओं को देखा तो उन्हें वे बिखरी सी जटायें अच्छी न लगीं। उन्होंने सोचा, कि दूल्हा तो सुंदर मुकुट या पगड़ी पहनता है, जो कि हमारे पास है नहीं। मान लो होती भी, तो क्या वे पहनते? नहीं पहनते। क्योंकि उनके सीस पर गंगा जी जो बिराजमान हैं। अब बहती गंगा में क्या पगड़ी और क्या मुकुट, सब तो गीला होकर गिर ही जायेगा न? तो क्या किया जाये, कि जटायें भी बनी रहें, ओर उनकी सुंदरता भी प्रगट होने लगे। तो शिवगणों ने जटायों को बाँध कर एवं उन्हें लपेट कर, जटायों का मुकुट बना दिया। लगा कि अब कुछ बात बनी। लेकिन सच कहें तो शिवगणों को अब भी बात बनती प्रतीत नहीं हो रही थी। उन्हें बँधी जटायें भी सूनी-सूनी सी लग रही थीं। फिर एक गण ने कुछ साँपों को एक साथ लिया, और जाटायों पर साँपों का मौर सजा दिया। जैसे ही साँपों का मौर सजाया, तो शिवगण प्रसन्न हो उठे। क्योंकि इससे जटाओं पर एक छत्र सा सजा प्रतीत होने लगा। शिवजी भी अपने गणों द्वारा किए जा रहे श्रृँगार से ऊब से नहीं रहे थे। वे आराम से अपना श्रृँगार करवा रहे थे। अब शिवगणों ने देखा, कि बालों का श्रृँगार तो चलो कुछ देखने योग्य हो गया, किंतु प्रभु के सूने कानों को देख मन में संतुष्टि सी नहीं हो रही थी। कारण कि राजा महाराज तो विवाह के समय कानों में कुण्डल और कंकन पहनते हैं, और वे हमारे पास है नहीं। तो कानों में क्या डाला जाये? इतने में एक शिवगण ने सोचा, कि क्यों ना प्रभु के कानों में छोटे-छोटे सर्प ही डाल दिये जायें? बाकी शिवगणों को भी यह सीख अच्छी लगी। तब नन्हें से सर्पों को कानों में सजा दिया। ऐसे शिवजी ने साँपों के ही कुंडल और कंकन पहने। फिर एक गण ने देखा, कि संसार में दूल्हों को तैयार करने से पहले हलदी का लेप किया जाता है। हलदी तो हमारे पास अब है नहीं।

## सेहत

### ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आज से ही पीना शुरू कर दें यह सूप

आज के समय में महिलाओं को बिना मेकअप के खूबसूरत दिखना है। अगर आप भी चाहती हैं निखरी और दमकती त्वचा, तो आप अपने में डाइट में हेल्दी चीजें को जरुर शामिल करें। हेल्दी चीजों के सेवन से आपकी त्वचा भी खिलकर आएगी। बिना मेकअप के ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप अपने घर पर इस हेल्दू सूप को जरुर बनाएं।

**सूप के पीने के फायदे**

गाजर और लौकी के सूप में विटामिन सी मौजूद होता है, जो स्किन में निखार लेकर आता है। इससे कोलेजन का उत्पादन होता है, जो कि त्वचा की झुर्रियों को कम करता है। इसके साथ ही यह एंटी-एजिंग का गुण प्रदान करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है जो बढ़ती उम्र को रोकने में भी मदद करता है। इस सूप के पीने से त्वचा कोमल बनती है।

**सामग्री**

- 1 कप गाजर
- 1 कप लौकी
- 1 टमाटर
- 1 प्याज
- 1/2 इंच अदरक का टुकड़ा
- 2 से 3 लहसुन की कलियां
- नमक स्वादानुसार
- काली मिर्च
- घी

गाजर और लौकी का सूप बनाने की रेसिपी

- सबसे पहले आप कुकर में घी डालें।
- फिर इसमें अदरक, लहसुन, प्याज हल्का सुनहरा होने तक भूनें।
- अब आप इसमें गाजर, लौकी और टमाटर डालें और हल्का सा भूनें।
- सभी चीजों को भूनने के बाद 2 कप पानी डालें।
- जब 2 सीटी आ जाए तो गैस बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें।
- फिर ब्लेंडर में सभी चीजों को डालकर ब्लेंड कर लें।
- इसमें स्वादानुसार कालीमिर्च और नमक डालें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## राम सीता हनुमान मंदिर में स्थापना दिवस पर हुई खीर का वितरण



**कसमार :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़ मोहनपुर पंचायत स्थित राम सीता हनुमान मंदिर में बजरंगबली महिला मंडल के द्वारा खीर का वितरण किया गया । वितरण के अवसर पर सीता देवी , मीरा देवी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना 22 जनवरी को धूमधाम से की गई थी । इसकी प्रथम वर्ष के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया ।इस आयोजन में भक्ति संगीत , भक्ति नृत्य , के साथ-साथ सैंकड़ों भक्त गणों के बीच देर रात तक खीर का वितरण किया गया । आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुलाबी देवी , मीरा श्रीवास्तव , सरिता श्रीवास्तव , सुभागी देवी, डॉ करुणा , ववीता तिवारी , माधुरी देवी , गीता देवी , डोली कुमारी , प्रभा देवी , अनिता देवी उपस्थित थे । जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित महतो , भोला महतो , विजय महतो , महादेव महतो ?,

# विधायिका ने बरहरवा प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण और योजनाओं का शिलान्यास

एजेंसी

**साहिबगंज/बरहरवा:** जिला के अन्तर्गत नगर विकास एवं आवास विभाग एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड के अन्तर्गत बरहरवा नगर पंचायत, एवं बरहरवा प्रखंड क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास विधिवत फीता काटकर एवं स्वर्ग रथ को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन माननीय विधायक पाकुड़ विधानसभा, श्रीमती निशात आलम ने किया । इसके पश्चात बरहरवा सामुदायिक हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण कर हॉस्पिटल की कमी को सी.एस पीके संथालिया को सुधार का निर्देश दिया।तत्पश्चात बरहरवा प्रखंड कार्यालय का भी औचक निरीक्षण कर प्रखंड कार्य को गति देने का निर्देश दिया एवं पेंडिंग पड़े कार्यों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।योजनाओं का शिलान्यास क्रम वध तरीके से किया गया। योजना सं० 28/2022-23 कार्य का नाम बरहरवा अस्पताल में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य,प्राक्कलित राशि-32,33,500.00



स्वर्ग रथ को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ उद्घाटन

प्राक्कलित राशि-12,00,000.00 ,योजना सं०- 90/2022-23,बरहरवा ब्लॉक कैम्पस में विधायक प्रतिनिधि कक्ष के पीछे सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य,प्राक्कलित राशि-4,97,800.00, साथ ही साहिबगंज जिला के अन्तर्गत बरहरवा प्रखंड के पंचायत बिशनपुर, ग्राम बड़ा पुरुलियाडागा में तोफीजुल शेख के घर से मेराजुल के घर तक गुमानी नदी के बाएं तटबंध पर 160 मी० की लम्बाई में कटाव निरोधक कार्य का शिलान्यास ।प्राक्कलित राशि-89,38,582.65/, साहिबगंज जिला के अन्तर्गत बरहरवा प्रखंड के पंचायत हस्तिपाडा के ग्राम हस्तिपाडा में आजु के घर से अकरम अली के घर तक गुमानी नदी के दायें तटबंध पर 300 मी० की लम्बाई में कटाव निरोधक कार्य शिलान्यास प्राक्कलित राशि- 1,00,22,605.00/साहिबगंज जिला के अन्तर्गत बरहरवा प्रखंड के पंचायत अगलोई के ग्राम यादवनगर में सीडी - घाट पुराने बोल्डर क्रेटिंग से 200 मी० की लम्बाई में गुमानी नदी के दायें तटबंध पर कटाव निरोधक कार्य शिलान्यास। प्राक्कलित राशि-68,04,074.00/जिला के अन्तर्गत बरहरवा प्रखंड के पंचायत बिशनपुर के ग्राम धरमपुर में प्राथमिक विद्यालय से नजरुल इस्लाम के जमीन तक 200 मी० की लम्बाई में गुमानी नदी के बाएं तटबंध पर कटाव निरोधक कार्य शिलान्यास। प्राक्कलित राशि-63,68,069,92/,मौके पर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास,प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ,वरिष्ठ कांग्रेसी नसीरुद्दीन,प्रदेश सचिव कमल कुमार आर्य,भोलानाथ महतो,अब्दुल कादिर ,मो सफातुल्लाह,अब्दुल कादिर रबीउल इस्लाम, दिलदार परवेज आलम शहनवाज नासिर, अश्वनी आनंद, अब्दुल गफूर, मो शकील, हीरालाल साहा, मिथुन मंडल, अनन्त लाल भगत, निताई सरकार, नेहाल अख्तर, थॉमस रोबर्ट,शरिक रब्बानी,अजीत कुमार रॉय,आफताब आलम , समुद्री बास्की,धर्मवीर कुमार,मो इकबाल,सहित जेमम एवं कांग्रेस के सम्मानित कार्यकर्तगत मौजूद थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पतना प्रखंड परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**साहिबगंज/पतना :** बरहरवा अनुमंडल क्षेत्र के पतना प्रखंड मुख्यालय परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल, पतना बीडीओ सह सीओ कुमार देवेश द्विवेदी बरहरवा प्रभाग के पुलिस इंस्पेक्टर सुधीर पोद्दार शामिल हुए।कार्यक्रम में विभिन्न थाना क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने अपनी शिकायत लेकर कार्यक्रम में लगे स्टॉल में पहुंचे जहां सभी के समास्या का समाधान किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बरहरवा थाना से 7, कोटालपोखर थाना से 1, रांगा थाना से 5, बरहेट थाना से 6 मामले का शिकायत किया गया। मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी व प्रखण्ड कर्मी मौजूद थे।

### सभी सदस्यों के साथ ट्रैफिकिंग संबंधित बातों पर चर्चा



**साहिबगंज:** झारखंड विकास परिषद द्वारा मुक्ति साउथ एशिया परियोजना के तहत बालगगृह(बालक) साहिबगंज के प्रांगण में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ संस्था सचिव सुवासिनी सोरेन के द्वारा परिचय के साथ शुरूआत की गई। जिसमे आघात सूचित देखभाल एवं पीड़िता के साथ मित्रवत व्यवहार आदि पर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण में मौजूद जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बच्चों से संबंधित विभिन्न जानकारियां स्टेकहोल्डर के बीच रखें। जबकि संस्था के कार्यों का सराहना किया। संस्था के परियोजना क्षेत्र के सभी गांव में कार्यकताओं के साथ मानव तस्करी के विरुद्ध हर गांव में एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग क्लब के सभी सदस्यों के साथ ट्रैफिकिंग संबंधित बातों पर चर्चा कर जानकारी दिया। साथ ही परियोजना कर्मी के द्वारा संबंधित कार्य क्षेत्र हाउसहोल्ड सर्वे कर बच्चों के अभिभावक का सर्वे करना है। जिसमें बच्चों का पलायन, बाल श्रम, बाल यौन शोषन, बाल विवाह का पारिवारिक डाटा तैयार करना है। जिसमें ह्यूमन ट्रैफिकिंग क्लब के सभी कार्यकताओं द्वारा संबंधित परिवारों के समस्याओं से रूबरू हो सके एवं जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान कर सके।वही मौके पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अब्दुस सुभान, बाल कल्याण समिति के सदस्य सुरेंद्रनाथ तिवारी, चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक मोहम्मद इकबाल,झारखंड विकास परिषद के मुक्ति साउथ एशिया परियोजना के कार्यक्रम प्रबंधक कृष्णकांत राजू, एमइएल सायनी भंडारी, कार्यक्रम, सामाजिक कार्यकर्ता इसराइल सुमित मुख्य लेखपाल एवं प्रशासनिक कुंदन कुमार दुबे, मनोरंजन सिंह एवं राजीव रंजन बालगृह से रंजीत वर्मा,दिवाकर कुमार, अमन, पुष्पा भारती, मीर कासिम, आदि मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने सिद्धो-कान्हो स्टेडियम में 26 जनवरी की तैयारियों का लिया जायजा



**साहिबगंज:**आगामी 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त हेमंत सती ने सिद्धो-कान्हो स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयोजन स्थल की साफ-सफाई, मंच सजावट, सुरक्षा प्रबंध और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया।उन्होंने संबंधित को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारू रूप से पूरी की जाएं।उपायुक्त ने मंच की साज-सज्जा और ध्वनि व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि स्टेडियम में प्रवेश और निकास के रास्ते व्यवस्थित हों और कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### उप मुखिया लक्षण यादव ने ग्रामीणों के बीच किया कंबल का वितरण

**कोडरमा/मेट्रो रेज संवाददाता :** जिले के ग्रामीण इलाकों में ठंड अपने चरम पर है। आम जनता, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग, इस सर्द मौसम से काफी परेशान हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में कोडरमा प्रखण्ड के पंचायत बेकोबार उत्तरी के ग्राम पिपराडीह में उप मुखिया लक्ष्मण यादव के द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं के बीच गर्म कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान उप मुखिया लक्ष्मण यादव ने कहा कि मानवता का सेवा ही सबसे बड़ा सेवा है। वहीं कंबल प्राप्त कर ग्रामीणों ने उप मुखिया लक्षण यादव का आभार जताया।



## आदिवासी पहाड़िया समाज के बीच गर्म कपड़े का किया गया वितरण



मेट्रो रेज

**साहिबगंज:**कड़ाके की ठंड को देखते हुए भारतीय वैश्य महासभा साहिबगंज की ओर से साहिबगंज पहाड़ की चोटी पर अवस्थित पहाड़िया गांव करम पहाड़ में गरीब एवं जरूरतमंद आदिवासी पहाड़िया समाज के बीच गर्म कपड़े ऊनी टोपी,बिस्कुट एवं टॉफी वितरण किया गया।इस अवसर पर भारतीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता ने कहा कि भारतीय वैश्य महासभा ने कपड़े वितरण कार्यक्रम के लिए साहिबगंज से सुदूर ऐसे स्थानों को चुना है,जहां कोई नहीं पहुंच पाता.करम पहाड़ साहिबगंज पहाड़ियों की चोटी पर अवस्थित एक छोटा सा गांव है,दुर्गम रास्तों के कारण यहां पहुंचने में काफी कठिनाई होती है.हम लोग आगे भी ऐसे स्थानों पर पहुंचेंगे जहां लोग नहीं पहुंच पाते हों।इस अवसर पर भारतीय वैश्य महासभा युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनुराग राहुल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर दिल को सुकून मिलता है।इस कार्यक्रम में भारतीय वैश्य महासभा के जिला संयोजक रणधीर प्रसाद चौरसिया,श्रवण कुमार मोदी,संतोष कुमार मोदी, मिथुन कुमार साह,रवि साह, देवनारायण साह,सन्नी कुमार साह,नंदन कुमार साह,डब्लू कुमार,गांव का प्रधान प्रेम कुमार मालतो एवं सूरज मालतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में उत्पाद विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा और राजस्व वृद्धि से संबंधित कार्यों को करना था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने उत्पाद विभाग के अब तक के प्रदर्शन और राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व में वृद्धि और कमी के कारणों का विस्तार से विश्लेषण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री को रोकना उत्पाद विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सघन छापेमारी अभियान चलाने और गुप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अवैध कारोबार को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें। उन्होंने बताया कि अवैध शराब निर्माण से न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान होता है, उन्होंने शराब निर्माण और बिक्री के वैध लाइसेंसधारकों पर भी नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि कोई अनियमितता न हो। रेस्टोरेंट और ढाबों में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के दिए निर्देश बैठक में शहर के रेस्टोरेंट और ढाबों में अवैध शराब की बिक्री का मुद्दा सामने आया। बैठक के दौरान पदाधिकारी ने जानकारी दी कि कई रेस्टोरेंट और ढाबों में बिना लाइसेंस के शराब बेची जा रही है, जिससे राजस्व को नुकसान हो रहा है और यह कानून का उल्लंघन है। उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को अवैध शराब बिक्री पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई की जाए जो बिना लाइसेंस के शराब बेच रहे हैं।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जन्म जयंती पर की गई श्रद्धा सुमन अर्पित

मेट्रो रेज संवाददाता



**कोडरमा :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कोडरमा जिला द्वारा आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जन्म जयंती पर झुमरी तिलैया स्थित सुभाष चौक अवस्थित नेताजी सुभाष चौक पर नेताजी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। जबकि सुभाष चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। जानू जयंती कार्यक्रम के अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार अभय नहीं किया जबकि मुख्य रूप से राष्ट्रीय सह सचिव मनोज सहाय पिंकू, ऋषिकांत सिंहा, अजय सिन्हा सम्मानित सदस्यगण सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## नेताजी क्रिकेट क्लब ने 120 रनों से हासिल की जीत

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनामेंट में बुधवार को सीएबी येलो, बरहरवा बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू के बीच मैच खेला गया। नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट पर 270 रन बनाए। शिवम आनंद ने नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए 108 रन बनाए। अनुराग ने 15, उदय ने 13, विकास में 29, अभिषेक ने 17 व राजीव ने 28 रनों की पारी खेली। सीएबी येलो बरहरवा के गेंदबाज लुकेश ने 3, शाहिद ने 4 व अजीजुल ने 1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सीएबी येलो बरहरवा की टीम 25 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 150 रन ही बना सकी। अर्जुन ने 28, चंदन ने 31 व इस्तेखार ने 18 रनों की पारी खेली। नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू के गेंदबाज राजीव, अभिषेक, राहत व गौरव ने 2-2 व अभिषेक ने 1 विकेट लिया।नेताजी क्रिकेट क्लब ने 120 रनों से जीत हासिल की। नेताजी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी शिवम आनंद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा ने शिवम आनंद को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, पवन राम, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 23 जनवरी को यंग बॉयज सीसी बनाम द न्यूबीज के बीच मैच खेला जाएगा।



कसमार सीएचसी में हुआ स्वास्थ्य मेला का आयोजन

## मरीजों को स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाना चाहिए : प्रमुख

मेट्रो रेज

**कसमार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कसमार प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी प्रफुल्ल महतो आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का लाभ मरीजों को उठाना चाहिए। सरकार की यह बेहतर कार्यक्रम है। स्वास्थ्य मेला में कुल 21 स्टॉल लगाये गये थे जिनमें सामान्य ओपीडी, आयुष्मान कार्ड, डिजीटल हेल्थ कार्ड, टीवी एवं मलेरिया जांच, शिशु स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच, महिला ओपीडी एवं एएनसी, एनिमिया परामर्श एवं दवा वितरण, डेंटल ओपीडी, कैंसर नियंत्रण, यूनानी ओपीडी, कुष्ठ रोग जांच, दिव्यांग मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना आदि के स्टॉल लगाये गये थे। इस दौरान दर्जनों लोगों ने स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां ली। मौके पर डॉ रेखा कुमारी, डॉ पवन कुमार, डॉ हरिपद सोरेन, डॉ परमेश्वर महतो, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ मानस कपरदार, डॉ तनवीर फातमा, पीएसआई इंडिया मो मंजूर रहमान खान, बीपीएम बंकीम चंद्र महतो, संतोष कुमार, निमाय कुमार वर्मा, अविनाश रंजन शैलेश ठाकुर, मुरारी, विनिता भेंगरा अमित विक्रम अविनाश कुमार धर्मनाथ मेहता सिराजुद्दीन रजनीगंधा मोनिका मिंज उमरावती सरिता कुमारी रेनू सिंह पिंकी कुमारीआदि स्वास्थ्य कर्मी, बीटीटी, स्वास्थ्य सहिया आदि मौजूद थे।




# सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन

मेट्रो रेज

साहिबगंज:सड़क सुरक्षा माह 2025 के उपलक्ष में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज साहिबगंज जिले के प्रमुख स्थान, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं अन्य क्षेत्र में सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह2025 के कार्यक्रम के तहत आज साहिबगंज जिले में बांझी बाजार, मंडरो ब्लॉक मिजाचौकी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, महाराजपुर एवं अन्य स्थानों पर सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि सभी आम जनमानस ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को हेलमेट सीटबेल्ट पहने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जाये। यातायात नियमों का पालन करना एवं शराब नशे के हालत में वाहन ना चलाने के साथ नेक नागरिक बनकर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करना वो भी बिना किसी संकोच या बिना किसी भय के क्योंकि नेक नागरिक गुड सेमीरिटर्न पॉलिसी के अंतर्गत सरकार द्वारा घायल व्यक्ति को मदद पहुंचाने पर ?2000 के पुरस्कृत राशि एवं प्रशस्ति पत्र का प्रावधान है।साथ ही साहिबगंज के विभिन्न क्षेत्रों पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन के साथ हैंडबिल, पंपलेट, बुकलेट आदि वितरण किया जा रहा है एवं सभी आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा।सड़क सुरक्षा माह 2025 का कार्यक्रम सिर्फ आंकड़ों को कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को जीवन के प्रति अधिक जिम्मेदार बनने का संदेश देता है।इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।



**कैप्टन अमेरिका :**



# चीन में भी रिलीज होगी कैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड फिल्म का प्रचार अभियान जारी


कैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड अपनी चीन रिलीज के लिए भी तैयार है। इस फिल्म का लक्ष्य ऐसे बाजार में महत्वपूर्ण प्रभाव डालना है, जहां हॉलीवुड फिल्मों की कमाई अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है- जैसे की चीन।

कैप्टन अमेरिका की पिछली किस्तों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कथित तौर पर द विंटर सोल्जर ने 115.6 मिलियन डॉलर यानी 9930 करोड़ रुपय की कमाई की और सिविल वॉर ने 180.8 मिलियन डॉलर यानी 15520 करोड़ रुपए की कमाई की। ब्रेव न्यू वर्ल्ड, जिसे कैप्टन अमेरिका 4 कहा जा रहा है। इससे प्रशंसकों को बेहद उम्मीदें हैं।

मीडिया रिपोर्पट्स के अनुसार, साल 2011 में आई पहली कैप्टन अमेरिका को उस समय चीन और अमेरिका के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों की वजह से चीन में दिखाने की कानूनी रूप से अनुमति नहीं दी गई थी। लेकिन ब्रेव न्यू वर्ल्ड को अब चीन में दिखाने की स्वीकृति दे दी गई है।

आधिकारिक तौर पर इसे 14 फरवरी को वेलेंटाइन के दिन रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है। साथ ही अमेरिका में भी इसकी पहली रिलीज होगी। कैप्टन अमेरिका 4 की रिलीज से पहले इसका प्रचार जारी है। वहीं, चीन के दर्शकों के लिए एक नया खास पोस्टर जारी किया है। फिल्म की प्री-सेल अगले महीने शुरू होने की उम्मीद है, जब चीनी स्प्रिंग फेस्टिवल समाप्त हो जाएगा।

जूलियस ओना द्वारा निर्देशित और सैम विल्सन-कैप्टन अमेरिका के रूप में एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत, ब्रेव न्यू वर्ल्ड क्रिस इवांस के स्टीव रोजर्स से मिले पद के बाद विल्सन की सफर की कहानी को आगे बढ़ाती है। फिल्म में डैनी रामिरेज, शिरा हास, कार्ल लुंबली, जोशा रोक्मोर, जियानकार्लो एस्पोसिटो, टिम ब्लेक नेल्सन और हैरिसन फोर्ड भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।




# छावा में औरंगजेब का किरदार निभाएंगे अक्षय खन्ना

**फिल्म** छावा की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। फिल्म के किरदारों के लुक मेकर्स साझा करते जा रहे हैं। अब औरंगजेब का किरदार निभा रहे अक्षय खन्ना का लुक मेकर्स ने शेयर किया है। विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा बॉक्स ऑफिस पर 14 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में रश्मिका मंदाना के बाद अब अक्षय खन्ना का लुक सामने आया है।

**सामने आया अक्षय खन्ना का लुक:** मेकर्स ने मुगल शहंशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे अक्षय खन्ना का लुक शेयर किया है। फिल्म में अक्षय खन्ना मुगल शहंशाह औरंगजेब की भूमिका निभाने जा रहे हैं। फिल्म में उनका लुक फैंस को बहुत भा रहा है। मेकर्स ने बताया है कि फिल्म 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस रिलीज किया है।

**रश्मिका मंदाना का भी लुक आया सामने:** मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म छावा से रश्मिका के महारानी यशुबाई के किरदार में दो पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में रश्मिका मंदाना मुस्कुराती नजर आ रही हैं। इस नए लुक में रश्मिका हैवी ज्वैलरी के साथ किसी को निहारती दिख रही हैं। वहीं एक और तस्वीर भी है, जिसमें रश्मिका बेहद सीरियस नजर आ रही हैं।

# बाबिल खान के साथ फिल्म में नजर आ सकते हैं यशवर्धन

बॉलीवुड स्टार किड्स का फिल्मों में आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने फिल्म आजाद के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फिल्म में राशा का डांस और अभिनय प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। वहीं अब गोविंदा के बेटे यशवर्धन भी बॉलीवुड फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा और बाबिल एक फिल्म में साथ काम सकते हैं। कथित तौर पर यशवर्धन आहूजा, साई राजेश द्वारा निर्देशित आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में एक और स्टार किड भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान हैं।






फिल्म में मुख्य अभिनेत्री की तलाश जारी है, जिसके लिए कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा देशभर में एक्ट्रेस की तलाश कर रहे हैं और उन्हें इस फिल्म के लिए पहले ही 14,000 से ज्यादा ऑडिशन वीडियो मिल चुके हैं। बाबिल और यशवर्धन के अपोजिट मुख्य फीमेल लीड को जल्द ही फाइनल कर लिया जाएगा, क्योंकि यह प्रोजेक्ट 2025 की गर्मियों तक फ्लोर पर आ सकता है। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। 1 मार्च 1997 को जन्मे यशवर्धन आहूजा बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गोविंदा और सुनीता आहूजा के बेटे हैं। उनकी एक बड़ी बहन टीना आहूजा भी हैं, जिन्होंने भी अभिनय में कदम रखा लेकिन उनका करियर कुछ खास नहीं रहा। बाबिल की बात करें तो उन्होंने 2022 की मनोवैज्ञानिक ड्रामा फिल्म काला से अपने अभिनय की शुरुआत की। अन्विता दत्त द्वारा निर्देशित इस फिल्म में तृप्ति डिमरी और स्वस्तिका मुखर्जी भी मुख्य भूमिकाओं में थीं। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था।

## ताहा शाह और तुलसी कुमार ने पहले म्यूजिक कोलैबोरेशन की घोषणा की, पोस्टर जारी



**ताहा** शाह जो संगीत वीडियो और फिल्मों में अपने गतिशील प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं, अब अपनी पहली म्यूजिक कोलैबोरेशन के लिए मेलोडियस तुलसी कुमार के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। दोनों ने आज एक मनमोहक पोस्टर के साथ इसकी घोषणा की, जिससे फैंस इस आगामी गाने के लिए उत्सुक हो गए हैं। पोस्टर में रोमांस की झलक देखने को मिलती है, जो एक प्रेम कहानी की ओर इशारा करता है, जो सोलफुल संगीत के साथ प्रस्तुत की जाएगी। ताहा और तुलसी की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री पोस्टर में स्पष्ट दिखाई दे रही है.





## बॉलीवुड फिल्मों के न चल पाने पर बोले अक्षय कुमार

# लोग सोचते हैं ओटीटी पर देखेंगे

**बॉलीवुड** अभिनेता अक्षय कुमार ने इंडस्ट्री और फिल्में न चल पाने के बारे में बता की है। अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स में नजर आने वाले हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय सिनेमा को मुश्किल समय का सामना क्यों करना पड़ रहा है क्योंकि बन रही फिल्मों और सफल हो रही फिल्मों के बीच सफलता का अनुपात घट रहा है। बातचीत में अक्षय कुमार ने बताया कि ओटीटी का असर इंडस्ट्री पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मैं बहुत से लोगों से मिलता हूं और वे अक्सर कहते हैं कि हम इसे ओटीटी पर देखेंगे, इसलिए यह सबसे बड़ा कारण है। यही पूरी बात है।

**ओटीटी को लेकर बोले अभिनेता**

अक्षय कुमार ने ओटीटी को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, चलिए इधर-उधर की बातें न करें। उसके बाद चीजें बदल गई हैं... कोविड के बाद लोगों को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जाकर चीजें देखने की आदत हो गई है। यह एक आदत है जो चली गई है।

**फिल्म कंटेंट को लेकर हो गए हैं सजग**

अक्षय कुमार ने फोर्ब्स इंडिया के साथ बातचीत में कहा, कोरोना का प्रभाव इंडस्ट्री पर पड़ रहा है। बड़े पर्दे पर फिल्म दिखाने के लिए कुछ बहुत मनोरंजक और इंट्रेस्टिंग फिल्में बनाने की जरूरत है। मैं किसी भी कंटेंट को लेकर बहुत माइंडफुल हो गया हूं। ऐसे विषयों पर फिल्म बना।

# टीना दत्ता ने बताया, कैसे अनुशासित जीवनशैली ने फिल्म पर्सनल ट्रेनर में की मदद



अभिनेत्री टीना दत्ता अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर सीरीज 'पर्सनल ट्रेनर' सीरीज की रिलीज को लेकर उत्साहित है। अभिनेत्री ने कहा कि उनकी अनुशासित लाइफस्टाइल ने सीरीज में 'नेहा' का किरदार निभाने में मदद की। टीना दत्ता ने कहा, एक सीन है, जिसमें मैं शीर्षासन करती हूं और मुझे इसे करने पर गर्व है। स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के प्रति मेरे जुनून ने मुझे सीरीज में 'नेहा' के किरदार में प्रामाणिकता लाने में मदद की।

ऐसा हमेशा नहीं होता कि आपको अपनी रुचियों को किरदार के साथ जोड़ने का मौका मिले। शो में काम करने के अनुभव और किरदार के बारे में टीना ने कहा, नेहा एक ग्रे किरदार है और मेरे लिए किसी ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाना रोमांचक था, जिसमें खूबियां और खामियां दोनों हैं। एक होनहार किरदार को जीवंत करने के अलावा, इतने प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना शानदार था। उन्होंने आगे बताया, उनमें से हर एक ने कुछ ना कुछ खास पेश किया, जिसने मुझे एक अभिनेता के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

हम सबके बीच सेट पर बेहतरीन बॉन्ड था और हर सीन में दोस्ती साफ झलकती थी। मैं इस रोमांचक ड्रामा को लेकर उत्साहित हूं। सीरीज मुंबई के जिम कल्चर के बैकग्राउंड पर बनी है। मनोरंजक कहानी महत्वाकांक्षा, प्यार और शारीरिक पूर्णता, खतरनाक खोज को पेश करती है। कहानी के केंद्र में नेहा धर्मराजन हैं, जो एक विवाहित महिला है, जिसका किरदार टीना ने निभाया है, जिसका अपने पर्सनल ट्रेनर अनीश (गुलशन नैन) के साथ अवैध संबंध रहता है और सीरीज में घटनाओं की एक खौफनाक कहानी को दिखाता है, जिसमें एक हत्या भी शामिल है।

# द राजा साब में फाईट करती नजर आएंगी मालविका

संक्रांति और पोंगल के अवसर पर आगामी फिल्म द राजा साब का नया पोस्टर जारी किया गया। वहीं अब फिल्म के सेट से मालविका मोहनन का एक फाइटिंग सीन वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया है, जिसे देखने के बाद प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। प्रभास स्टारर फिल्म द राजा साब के पोस्टर पहले ही प्रशंसकों को उत्साहित कर चुके हैं। वहीं अब फिल्म के सेट से मालविका मोहनन का फाइटिंग सीन लीक होने पर प्रशंसकों का उत्साह फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गया है। इस ऑनलाइन लीक हुए वीडियो में मालविका जमकर एक्शन करती नजर आ रही हैं, जो द राजा साब के प्रशंसकों को बेहद रास आ रहा है। मारुति द्वारा निर्देशित यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इसी बीच, मालविका मोहनन का एक फाइटिंग सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह गुंडो की पिटाई करती नजर आ रही हैं।

## - खेल मंत्री मनसुख मंडाविया करेंगे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 का उद्घाटन

# खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 का आगाज आज से, 19 टीमों के 428 एथलीट लेंगे हिस्सा


**लेह :** खेलो इंडिया सीजन की शुरूआत गुरुवार को लद्दाख में खेलो इंडिया विंटर गेम्स (केआईडब्ल्यूजी) 2025 से होगी जिसमें 19 प्रतिस्पर्धी टीमों के 428 एथलीट हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया लेह में प्रतिष्ठित नवांग दोरजे स्टोबदान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे और खेलों की शुरूआत की घोषणा करेंगे।

राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संस्थागत संगठनों सहित उन्नीस टीमें, दो स्पधाओं (आइस-हॉकी और आइस-स्केटिंग) में पांच दिनों तक प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का पहला भाग होगा। दूसरा भाग, जिसमें स्कीइंग जैसे बर्फ के खेल शामिल होंगे, 22 से 25 फरवरी तक जम्मू और कश्मीर द्वारा आयोजित किया जाएगा। खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 के उद्घाटन के समय डॉ मंडाविया के



साथ ब्रिगेडियर डॉ बीडी मिश्रा, यूटी लद्दाख के उपराज्यपाल और भारतीय खेल प्राधिकरण और लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के वरिष्ठ अधिकारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। लद्दाख दूसरी बार अपने पांचवें संस्करण में शीतकालीन खेलों की मेजबानी करेगा। इस दौरान 594 प्रतिभागियों के स्वागत के लिए पारंपरिक, लद्दाखी-शैली के उद्घाटन की योजना भी बनाई गई है। गेम्स में एनडीएस और गुपुक्स तालाब में कई युवा स्केटर्स एक्शन में नजर आएंगे, ये दो स्थान हैं जहां छोटी और लंबी फॉर्म वाली स्केटिंग का आयोजन किया जाएगा। आइस-हॉकी मैच एनडीएस और लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर में खेले जाएंगे। राष्ट्रीय खेल महासंघों की मदद से आयोजनों के तकनीकी संचालन की निगरानी साई द्वारा की जाएगी।

# अब टीवी-फिल्म एक्टर रोनित रॉय करेंगे सैफ अली खान की सुरक्षा



**16 जनवरी** को बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर एक व्यक्ति ने उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया, यह व्यक्ति चोरी के इरादे से एक्टर के घर में आया था। हमले में सैफ अली खान को कई चोटें आईं। लीलावती हॉस्पिटल में उनकी सर्जरी हुई। हमले के पांच दिन बाद यानी मंगलवार को सैफ को हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई है। सैफ अली खान पर हमला करने वाले व्यक्ति को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। लेकिन अब सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी एक्टर रोनित रॉय पर है।

# महाकुम्भ में त्रिवेणी तट पर बड़ा फैसला, काशी तक आएगी गंगा एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भी होगी कनेक्ट

एजेंसी

**महाकुम्भनगर:** तीर्थराज प्रयाग में 144 वर्ष के बाद महाकुम्भ के शुभ संयोग पर लोककल्याण का संकल्प लेकर बैठी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बड़े फैसले लिए हैं। पावन त्रिवेणी तट पर हुई कैबिनेट की ऐतिहासिक बैठक में 320 किलोमीटर लम्बाई वाले 'विंध्य एक्सप्रेस-वे और 100 किमी लम्बाई वाले विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति दी गई। विशेष कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित और प्रकरण एक्सप्रेसवे के माध्यम से कनेक्टिविटी नेटवर्क विकास और क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाओं का विकास हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र एक्सप्रेसवे से आच्छादित हैं और अब दूरवर्ती दक्षिणी-पूर्वी विंध्य क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस दृष्टि से प्रयागराज मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली एवं सोनभद्र को जोड़ते हुए 320 किलोमीटर लम्बाई वाले नए नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना चाहिए। इस नए एक्सप्रेस का प्रारम्भ बिंदु प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे होगा, जबकि सोनभद्र में एनएच 39 पर इसका समापन होगा। इस तरह गंगा एक्सप्रेसवे और विंध्य एक्सप्रेसवे की सीधी कनेक्टिविटी होगी, साथ ही, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में झारखंड से भी अच्छा सम्पर्क स्थापित हो सकेगा। इसी प्रकार, विंध्य एक्सप्रेसवे पर चंदौली से प्रारम्भ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम बिंदु गाजीपुर तक विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाना उचित होगा। इसकी लम्बाई लगभग 100 किमी होगी। प्रयागराज को बड़ा उपहार देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में सलोरी से हेतापट्टी तक नए ब्रिज के निर्माण की भी आवश्यकता जताई। उक्त के साथ ही बैठक में साथ ही शास्त्री ब्रिज और यमुना सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर नया ब्रिज को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।



## महाकुम्भ में तैनात पुलिसकर्मियों को दी गई है सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग: डीजीपी

**महाकुम्भ नगर** : मौनी अमावस्या एवं अमृत स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। मेले में तैनात पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग दी गई है। यह बात बुधवार देर रात समीक्षा बैठक के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने दी।पुलिस महानिदेशक दो दिवसीय भ्रमण के दौरान संगम स्नान करने के बाद महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। आगामी मौनी अमावस्या के महत्त्वपूर्ण स्नान के दृष्टिगत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देर रात्रि में समीक्षा बैठक करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ने जल पुलिस के एफ आर पी बोट से संगम घाट सहित सभी घाटों का निरीक्षण एवं स्वयं बोट को चलाकर रिवर पेट्रोलिंग की । तत्पश्चात ऐरावत घाट पर मीडिया के साथ प्रेस से वार्ता किया। पुलिस महानिदेशक ने आगामी अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया कि श्रद्धालुओ एवं स्नानार्थियों के सुगम आवागमन एवं सुरक्षित स्नान हेतु सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद है। उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए यह एक अच्छा अवसर है कि इस महाकुम्भ को ग्लोबल प्लेटफार्म पर लाया गया है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु एवं स्नानार्थी संगम स्नान के लिए आ रहे है। पुलिस महानिदेशक ने यह भी बताया कि महाकुम्भ ड्यूटी हेतु आए हुये सभी पुलिस कर्मियों को सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग दी गई है जिसमें पुलिस कर्मियों को यह बताया गया है कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों से विनम्रता के साथ बात करनी है और उनकी हर समस्या का निदान करना है। भ्रमण के दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के साथ महाकुम्भ मेला क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

## पिस्तौल लेकर नेपाल में घुसे उत्तराखंड के चार युवक गिरफ्तार

**काठमांडू** : नेपाल पुलिस ने उत्तराखंड के चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्तौल बरामद हुई है। इनके वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह जानकारी कंचनपुर जिला पुलिस प्रवक्ता उमेशराज जोशी ने दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने बुधवार रात लगभग 10 बजे भीमदत्त के पास उत्तराखंड नंबर की कार (यूके 06 एआर 0846) को रोककर जांच की। इस दौरान ड्राइविंग सीट के पिछले पॉकेट में विदेशी लोडेड पिस्तौल रखा मिला। इसके बाद कार सवार उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के खटीमा निवासी 34 वर्षीय जीवन सिंह जिमवाल, 31 वर्षीय कमल विष्ट, 34 वर्षीय उमेद सिंह अधिकारी और 28 वर्षीय संजय जेठी को गिरफ्तार कर लिया गया।


## महिला के घर पर पत्थरबाजी, दो लोगों पर एफआईआर

**शिमला** : राजधानी शिमला से सटे सुन्नी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक घर पर रात को पत्थरबाजी और महिला को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता सुन्नी निवासी बाती देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि दिनांक 21 जनवरी की रात लगभग 9:00 बजे सुरेश कुमार और ललित कुमार नामक दो व्यक्तियों ने उनके घर पर पत्थर फेंके और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। बाती देवी ने अपनी शिकायत में बताया कि दोनों आरोपी गांव कोठी जलोग के रहने वाले हैं और उन्होंने अंधेरे का फायदा उठाते हुए इस घटना को अंजाम दिया। पत्थरबाजी के कारण उनके घर की छत को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना के समय उनका परिवार बेहद डर और तनाव में था। इस घटना के आधार पर सुन्नी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 125, 333, 324(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# मप्र: मुख्यमंत्री आज भोपाल के सबसे बड़े फ्लाई-ओवर का करेंगे उद्घाटन

- **154 करोड़ की लागत से बना है 2900 मीटर लंबा फ्लाई-ओवर, यातायात प्रबंधन में होगा सहायक**

एजेंसी



**भोपाल** : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (गुरवार को) भोपाल में एमपी नगर स्थित गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर के बीच 154 करोड़ रुपये की लागत से नव निर्मित शहर के सबसे बड़े फ्लाई ओवर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित रहेंगे। यह फ्लाई-ओवर शहर के यातायात प्रबंधन में महती सुधार लाने में सहायक होगा। साथ ही यात्रियों को राहत प्रदान करेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी अरुण शर्मा ने बताया कि भोपाल शहर में मैदा मिल मार्ग पर गायत्री मंदिर से डीबी मॉल चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा, प्रगति चौराहा से मानसरोवर कॉम्प्लेक्स होते हुए गणेश मंदिर तक निर्मित फ्लाई-ओवर 2900 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा है। यह मैदा मिल मार्ग को विद्या नगर, शक्ति नगर, कस्तूरबा नगर, साकेत नगर, दानिश नगर, आशिमा मॉल और एम्स जैसे प्रमुख रिहायशी और वाणिज्यिक क्षेत्रों से जोड़ता है। इसके अलावा, औबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और जबलपुर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग को सुगम बनाएगा। यह फ्लाई-ओवर डीबी मॉल, बोर्ड ऑफिस, प्रगति पेट्रोल पंप और मानसरोवर चौराहे जैसे भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों पर यातायात का दबाव कम करेगा। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार 60 फीसदी यातायात इस फ्लाई-ओवर से गुजरेगा, जबकि शेष 40 फीसदी यातायात पुराने मार्गों का उपयोग करेगा। फ्लाई-ओवर की एक शाखा डीबी मॉल चौराहे से भोपाल हाट (मंत्रालय मार्ग) की ओर जाती है, जिससे वल्लभ भवन तथा अरेरा हिल्स पर स्थित समस्त राज्य स्तरीय कार्यालयों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को पीक आर्वस में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। यातायात सुगम हो जाने से नागरिकों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचने में समय की बचत होगी और वाहन प्रदूषण में भी कमी आएगी, जिससे भोपाल शहर के नागरिकों को राहत मिलेगी।

## कैथल में जिंदा को मृत दिखाकर हड़प किया डेथ क्लेम का पैसा

**कैथल** : शातिर जालसाज ने? गांव सिरसल के एक व्यक्ति को मृत दिखाकर उसका फर्जी प्रमाण पत्र बनवा लिया और डेथ क्लेम के 2 लाख 15 हजार रुपए हड़प लिए। कथित मृतक ने मांग की है कि उसे सरकारी रिकॉर्ड में दोबारा जीवित दिखाई जाए। डीएसपी कलायत द्वारा शिकायत की जांच करने के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। गांव सिरसल के धर्मपाल ने शिकायत में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने 15 जुलाई 2023 को नगर पालिका कैथल में उसकी मृत्यु को दर्द करवा दिया और 28 जुलाई को मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया। आरोपी ने इसके लिए पूर्व सरपंच की मोहर प्रयोग की और वर्तमान सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर लिए। डेथ सर्टिफिकेट के आधार पर सड़क दुर्घटना में मौत दिखाकर 2 लाख 15 हजार रुपए का डेथ क्लेम हड़प लिया। धर्मपाल ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। वह बिल्कुल ठीक-ठाक है और जीवित है। इसलिए कागजों में उसे जीवित किया जाए। पूंडरी थाना के एसआई महीपाल ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। गांव सिरसल निवासी धर्मपाल ने खुला दरबार में मुख्यमंत्री से उसे दोबारा जीवित करने की मांग करते हुए शिकायत दी थी।

# उत्तराखंड निकाय चुनाव के लिए मतदान शुरू



एजेंसी

**देहरादून** : उत्तराखंड के 100 निकायों में आज सुबह आठ बजे मतदान शुरू हो गया। मतदान के लिए बैलेट पेपर का प्रयोग किया जा रहा है। करीब 30 लाख 29 हजार मतदाता कुल 5,405 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। मतदान पांच बजे बंद होगा। मतगणना शनिवार को होगी। चुनाव अधिकारियों का कहना है कि अब तक मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण चल रहा है। कुल 1515 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल बूथों की संख्या 3394 है। राज्य के देहरादून सहित 11 नगर निगमों में मेयर के लिए 72 उम्मीदवार और 89 नगर पालिका, नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए 445 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इसके अलावा सभी निगम, पालिका, पंचायतों में सदस्य और पार्षद पद के लिए कुल 4,888 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने निकाय चुनाव में निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य में निकाय चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है। वर्ष 2018 के निकाय चुनाव में 69.79 प्रतिशत मतदान हुआ था। इससे पहले 2008 में राज्य में 60 प्रतिशत, 2013 में 61 प्रतिशत हुआ था।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

एजेंसी



**नई दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट से आज लगातार तीसरे दिन पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान भी तेजी बनी रही। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। टेक शेरों में हुई खरीदारी के कारण वॉल स्ट्रीट में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,086.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 258.76 अंक यानी 1.31 प्रतिशत उछल कर 20,015.54 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। नैस्डेक 26 दिसंबर के बाद पहली बार 20 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल हुआ है। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 0.02 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 44,166.75 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार मजबूती बनी रही। हालांकि आखिरी दौर में हुई मुनाफा वसूली की वजह से एफटीएसई इंडेक्स लाल निशान में गिर कर बंद हुआ। ये सूचकांक पूरे दिन के कारोबार के बाद 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 8,545.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.85 प्रतिशत की छलांग लगा कर 7,837.40 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 212.27 अंक यानी 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,254.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। ताइवान स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से ताइवान वेटेड इंडेक्स में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है। अभी तक के कारोबार में कोस्पी इंडेक्स 0.63 प्रतिशत टूट कर 2,530.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,357.75 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,249 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 312.95 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,959.20 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में आज जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 1.01 प्रतिशत उछल कर 3,246.51 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,813.37 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,826 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स से 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,306.08 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## कुंभ जा रही कार खड़े ट्रेलर से टकराई, एक महिला मृत, 7 घायल

**जबलपुर** : कुम्भ जा रहे श्रद्धालुओं की कार खड़े ट्राले से टकरा गई जिससे एक व्यक्ति की मौक पर ही मौत हो गयी जबकि 7 घायल हो गए। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि मूलत झारखंड का रहने वाला शाह परिवार मुंबई से महाकुंभ में स्नान करने के लिए आर्टिका कार से प्रयागराज के लिए निकला था। सुबह लगभग 7:30 बजे स्लीमनाबाद बाईपास पर जबलपुर कटनी मार्ग में जैन पैट्रोल पंप के सामने कार सड़क किनारे खड़े ट्राले के पिछले हिस्से में तेज रफ्तार से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आर्टिका कार के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि कार चालक को अचानक नींद का झोंका आ जाने के कारण वह सड़क किनारे खड़े ट्राले में तेज रफ्तार से जा घुसा। कार में लगभग 10 लोग सवार थे। जिसमें से चालक सहित एक अन्य को मामूली चोट आई है, जबकि एक महिला की मौत हो गई और सात अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों के बयान दर्ज करते हुए पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की जानकारी लगते ही तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। हादसे में घटनास्थल पर ही 36 वर्षीय आशा देवी शाह नामक महिला की मौत हो गई है जबकि घायल अनीता देवी, संजू देवी, मनोज प्रसाद, किरण बाई, प्रेम शाह, 10 वर्षीय आर्य शाह, 3 वर्षीय अभिनंदन शाह को घायल अवस्था में स्थानीय शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

## न्यूज IN बिजनेस

### 120 करोड़ का टोल घोटाला, सॉफ्टवेयर से खेल- एसटीएफ ने 3 कर्मियों को दबोचा

**मीरजापुर** : लखनऊ एसटीएफ ने मीरजापुर के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित अतरैला टोल प्लाजा पर 120 करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा करते हुए बुधवार को तीन टोलकर्मियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने विशेष सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर टोल वसूली की असली रकम छिपाई और सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया। एसटीएफ के निरीक्षक दीपक सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में गिरफ्तार हुए आरोपियों में प्रयागराज के राजू मिश्र, मध्य प्रदेश के मनीष मिश्र और जौनपुर के आलोक कुमार सिंह शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस घोटाले की जड़ें अन्य टोल प्लाजा तक भी फैली हो सकती हैं। घोटाले की गंभीरता को देखते हुए एसटीएफ ने वाराणसी-हनुमना फोरलेन के अन्य टोल प्लाजा पर भी जांच तेज कर दी है। टोल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### डायरिया से बचाव के लिए केनव्यू का आरटीडी ओआरएस बाजार में

**नई दिल्ली** : केनव्यू ने अपने रेडी-टू-ड्रिंक (आरटीडी) रिहाइड्रेशन पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ओआरएस लॉन्च किया है। यह डायरिया से होने वाले डिहाइड्रेशन के लिए डब्ल्यूएचओ स्वीकृत फार्मूला है। इसी के साथ केनव्यू अब डायरियल और नॉन-डायरियल डिहाइड्रेशन पर बचाव प्रदान करने का बड़ा माध्यम बन गया। केनव्यू इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष आनंदानी का कहना है कि हमारे वैश्विक सेल्फ-केयर पोर्टफोलियो में यह प्राथमिकता वाला ब्रांड है। रेडी-टू-ड्रिंक इलेक्ट्रोलाइट्स तीव्र नॉन-डायरिया बीमारियों से तेजी से रिकवरी में एक सहायक के रूप में क्या भूमिका निभा सकते हैं। केनव्यू विज्ञान-आधारित नवाचार का प्रबल समर्थक है। नया रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस - डायरिया डिहाइड्रेशन से लड़ने और उसका समाधान करने की केनव्यू की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की तमाम कोशिशों के बावजूद डायरिया से लड़ना बड़ी चुनौती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, डायरिया वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जिसमें हर साल बच्चों में डायरिया के लगभग 1.7 बिलियन मामले सामने आते हैं। भारत में डायरिया 5 साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस ) डायरिया के इलाज में स्वर्ण मानक है, फिर भी इसे पर्याप्त रूप से प्रिस्क्राइब नहीं किया जाता। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार, 5 साल से कम उम्र के बच्चों में ओआरएस का कवरेज बढ़ने के बावजूद अभी भी (60.6 प्रतिशत ) कम है।

### अग्निशमन सेवा घोटाले में एसीबी ने सेवानिवृत्त केएएस अधिकारी के आवास पर की छापेमारी

**श्रीनगर** : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अग्निशमन सेवा घोटाले की जांच में अपना पहला छापा मारा जिसमें दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बटेंगू में सेवानिवृत्त केएएस अधिकारी मोहम्मद याकूब डार के आवास को निशाना बनाया गया। डार दिवंगत अब्दुल वहाब डार के पुत्र हैं जो पहले अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग में अध्यक्ष (तकनीकी) और सहायक संभागीय अधिकारी (एडीओ) के पद पर कार्यरत थे। एक अधिकारी ने बताया कि डीएसपी रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी पुलिस स्टेशन सेंट्रल कश्मीर में दर्ज एफआईआर संख्या 01-2025 के संबंध में की गई। यह मामला अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा (एफएंडईएस) विभाग में फायरमैन व फायरमैन ड्राइवरों की चयन प्रक्रिया में की गई अनियमितताओं से जुड़ा है।

### टाटा प्ले लेकर आया है दिव्य महाकुंभ के दर्शन प्रयागराज से, बिना किसी विज्ञापन के सीधा प्रसारण-24/7

**रांची** : हर हर महादेव, महाकुंभ में शामिल होने का महासंयोग अब आप सभी को प्राप्त होने वाला है, वो भी घर बैठे आराम से। क्योंकि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक टाटा प्ले लेकर आ रहा है अपने अराधना चैनल पर 24/7 महाकुंभ दर्शन का सीधा प्रसारण, जिसमें आप बिना किसी विज्ञापन के दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे। शाही स्नान (पवित्र स्नान), मंत्रमुग्ध करने वाली शाम की गंगा आरती, अखाड़ों के रंगीन जुलूस और प्रसिद्ध दिग्गजों द्वारा आध्यात्मिक उपदेश के साथ शानदार दृश्य खास आप सभी के लिए प्रसारित किए जाएंगे। इतना ही नहीं आप मठों के समूहों की समृद्ध परंपराओं से परिचित होंगे, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और दिल को छूने वाली कहानियों का अनुभव कर सकेंगे, इस ऐतिहासिक घटना का साक्षी बनने का सुनहरा अवसर आप सभी की लिए उपलब्ध है। सबसे खुशी की बात यह है कि, यह अनुभव टाटा प्ले अराधना ग्राहकों के लिए पूरी तरह से मुफ्त है। जहां टाटा प्ले अराधना पर नियमित कार्यक्रम चैनल - 1051 पर जारी रहेगा, वहीं महाकुंभ दर्शन का 24/7 फीड चैनल- 1052 पर देख सकेंगे। तो बिना चूके एक भी पल लगातार महाकुंभ के जादू, उसकी आध्यात्मिकता और श्रद्धा में सराबोर होने के लिए तैयार हो जाएं। यह टीवी और टाटा प्ले मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होगा।

### सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी एस25 सीरीज स्मार्टफोन

रांचीः सैमसंग ने अपने नवीनतम गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन को लॉन्च कर दिया, जो सैमसंग के अब तक के सबसे नैचुरल और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर मोबाइल अनुभवों के साथ एक वास्तविक एआई सहयोगी के रूप में नए मानक को स्थापित करता है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल एक्सपीरिएंस बिजनेस के हेड और प्रेसिडेंट टी एम रो ने कहा कि सबसे बेहतरीन इनोवेशन यूजर्स के अनुभव का प्रतिबिंब होता है और यही वजह है कि हमने गैलेक्सी एआई विकसित किया है ताकि हर कोई अपने डिवाइस के साथ अधिक स्वाभाविक और सहजता से बातचीत कर सके और यह भरोसा रख सके कि उनकी निजता सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि ₹गैलेक्सी एस25 सीरीज एआई-एकीकृत ओएस की तरफ लेकर जाती है, जो टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के तरीके और हम अपना जीवन कैसे जीते है, को लेकर हमारे नजरिए को बदल देता है। गैलेक्सी एस25 सीरीज वन यूआई 7 के साथ आने वाला पहला स्मार्टफोन है, जो सैमसंग का एआई-फर्स्ट प्लेटफॉर्म है। इसे सबसे सहज नियंत्रण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एआई-संचालित व्यक्तिगत मोबाइल अनुभव को सक्षम बनाता है। मल्टीमॉडल क्षमताओं वाले एआई एजेंट गैलेक्सी एस25 को टेक्स्ट, स्पीच, इमेज और वीडियो को इंटरप्रेट करने में सक्षम बनाते हैं, जिससे बातचीत स्वाभाविक लगती है। गैलेक्सी एस25 नैचुरल लैंग्वेज समझने में भी एक बड़ी सफलता है, जिससे रोजाना की बातचीत आसान हो जाती है। गैलेक्सी एस25 सीरीज संचार, उत्पादकता और रचनात्मकता के लिए गैलेक्सी एआई के लोकप्रिय टूल में कई अपग्रेड लाती है, जिसमें गूगल का सर्किल टू सर्च, कॉल ट्रांसक्रिप्ट, राइटिंग असिस्ट और ड्रॉइंग असिस्ट शामिल है। गैलेक्सी एस25 सीरीज के साथ, आप अगले चरणों के लिए कॉन्टैक्स्ट-अवेयर सुझावों के साथ एक्शनेबल सर्च भी कर सकते हैं। इसके अलावा, गैलेक्सी एस25 क्विक फॉलो-अप के लिए ऐप्स के बीच स्विच करना आसान बनाता है, जिसमें जीआईएफ साझा करना या ईवेंट डिटेल्स को साझा करना शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### मॉडल विद्यालय को स्थानांतरित करने के आदेश के खिलाफ विरोध मार्च



चान्हो : प्रखंड के मध्य विद्यालय सोंस में संचालित मॉडल विद्यालय के बच्चों को सोपाराम स्थित नवनिर्मित बिल्डिंग में स्थानांतरित करने के आदेश के खिलाफ बुधवार को छात्रों और अभिभावकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। स्कूल परिसर से प्रखंड मुख्यालय तक एक विरोध मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हुए।स्कूल ड्रेस पहने बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। विरोध मार्च के दौरान बच्चों और अभिभावकों ने नारेबाजी करते हुए पैदल ही प्रखंड मुख्यालय तक का सफर तय किया। वहां पहुंचने के बाद उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) वरुण कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) तर्शिला केरकेट्टा, और बीपीओ मो. इम्तियाज से मुलाकात की और अपनी समस्या उनके सामने रखी।छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि नया स्थान उनके बच्चों के लिए असुविधाजनक और दूर है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि मॉडल विद्यालय को वर्तमान स्थान पर ही संचालित किया जाए।अधिकारियों ने उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना और इस मुद्दे का जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया। हालांकि, अभिभावकों और बच्चों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे अपना विरोध जारी रखेंगे

### माघ जतरा मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट प्रखंड के उमडा. पंचायत के लिटीम गांव के आंबा बगीचा में माघ जतरा मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. काय्रर्कम में मुख्य अतिथि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा व विशिष्ट अतिथि सिमडेगा विधानसभा के विधायक भूषण बड़ा शामिल होकर काय्रर्कम को विधिवत फीता काटकर उदघाट्न किये. इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा संबोधित के दौरान कहा कि नागपुरी सांस्कृतिक पंरपरा सभ्यता को बचाने का एक बेहतर तरीका है. मेला का आयोजन से हमें संदेश देता है कि हम छोटानागपुर के आदिवासी व मूलवासी अपने धरोहर को संजोग कर रखे हैं. इस अवसर पर सांसद व विधायक के द्वारा ठेठ नागपुरी कार्यक्रम में कलाकारों के गाने में थिरकते नजर आये.इससे पूर्व गायक पवन राय के माता रानी के भक्ती गान से काय्रर्कम का शुभांरभ किया गया. इसके बाद एक से बढ़कर एक गानों से कलाकारों ने दर्शकों को झुमाये. काय्रर्कम को सफल बनाने में कमिट के अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, रमेश सिंह, शंकर सिंह, जोगिंदर खड़िया, श्याम सुंदर सिंह, के आलावे उमडा.पंचायत मुखिया नरेश पहान, सुषमा केरकेट्टा, रामू गोप, कांति केरकेट्टा, रोहित एक्का, भूषण सिंह, मनीष हिंदूस्तान, बंसत गुप्ता, बिजय ठाकुर, सुशील लकडा, प्रमुख सोनी लकडा, धर्मा गोप, आदि लोग शामिल थे.

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने किया माल्यार्पण



लोहरदगा : नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर आज जिला के पावरगंज चौक पर अवस्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज, कोषागार पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

### विधायक ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



**बोकारो :** बोकारो विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट योजना(डी एम एफ टी) अंतर्गत चास प्रखंड कार्तिक चन्द्र शर्मा प्लस टू उच्च विद्यालय, चिकसिया के गेट से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को सबल बनाने हेतु हमारा प्रयास हमेशा जारी रहेगा ग्राम वासियों की मांग थी कि इस जगह पर एक सड़क की आवश्यकता है इसे संज्ञान में लेते हुए इस कार्य से संबंधित विभाग को जल्द से जल्द कार्य के निष्पादन हेतु पहल करने के लिए निर्देशित किया गया था इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रिया चक्रवर्ती , मुखिया दिनेश रजक, मुखिया संतोष केवट , चुन्ना मिश्रा , जावेद अंसारी , शिवपाल केवट, मिथिलेश शर्मा, सौरव शर्मा, गौतम शर्मा , अमरेंद्र झा , इमरान अंसारी, नीतेश महथा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि उत्पाद प्रदर्शनी 2025 का आयोजन संपन्न

# किसानों को आत्मनिर्भर बनने और उन्नत खेती की तकनीकों को अपनाने पर जोर



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड (कृषि प्रभाग) के तत्वावधान में जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि उत्पाद प्रदर्शनी 2025 का आयोजन जिला मैदान (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय) गुमला में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत तकनीकों और नई खेती विधियों से किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और खेती को और अधिक लाभप्रद बनाना था।

उपायुक्त के मार्गदर्शक संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने किसानों से कहा कि पारंपरिक खेती के साथ-साथ उन्नत तकनीकों को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने किसानों को कीटनाशक रसायनों के स्थान पर जैविक खाद का उपयोग करने की सलाह दी। उपायुक्त ने कहा कि धान के अलावा किसानों को जीरा फूल, सब्जी और अन्य फसलों की खेती को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने किसानों को डीजल आधारित उपकरणों के स्थान पर सोलर उपकरणों का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उपायुक्त ने सिंचाई की नई तकनीकों को अपनाने और एफटीओ (फंड ट्रांसफर ऑर्डर) से जुड़ने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं और सब्सिडी का लाभ उठाकर किसान आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

कृषि वैज्ञानिक का संबोधन

कृषि वैज्ञानिक पदाधिकारी, विशुनपुर अटल बिहारी तिवारी ने किसानों को बताया कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर किसान कम भूमि पर अधिक उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ नई तकनीकों का मिश्रण करने की सलाह दी। तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार की कई लाभकारी योजनाएं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार की गई हैं, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

उन्होंने किसान मेले के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि एक ही स्थल पर किसानों को कृषि प्रौद्योगिकी, फसल समस्या समाधान, और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी गई। इस दौरान कृषि संवाद के माध्यम से किसानों को तकनीकी जानकारी और समाधान प्रदान किया गया।

स्टॉल निरीक्षण और प्रदर्शनी

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चैनपुर ने मेला स्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से किसानों को अपनी उपज और तकनीकी जानकारी को बेहतर बनाने का अवसर मिलता है।

उपस्थित अधिकारीगण

इस कार्यक्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।यह आयोजन किसानों के लिए न केवल नई जानकारी और तकनीकी समाधान लेकर आया, बल्कि उन्हें राज्य की योजनाओं और उनके लाभों के प्रति भी जागरूक किया। कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी और फसल समस्या समाधान जैसे पहलुओं ने किसानों को अधिक उन्नत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सहयोग किया।

## श्री रामचरितमानस कल्याण महायज्ञ संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर प्रखंड के हाकाजागं एवं रेहलदाग के सीमांत पर स्थित बार महादेव में आयोजित श्री राम चरित्र मानस कल्याण महायज्ञ एवं भव्य श्री राम चरित्र मानस पाठ एवं हनुमान चालीसा का 1008 पाठ एवं अखंड हरी कीर्तन बुधवार को संपन्न हुआ इस अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया जहां काफी संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण की। यज्ञ में विभिन्न जिलों के कई भक्तों ने भाग लिया इस मौके पर मुख्य आचार्या कल्याण बाबा ने, बताया कि धर्म ग्रंथों के अनुसार, यज्ञ के माध्यम से हर मनोकामना पूरी हो सकती है। धन प्राप्ति, कर्मों के प्रायश्चित, अनिष्ट को रोकने के लिए, दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदलने के लिए, रोगों के निवारण के लिए यज्ञ करने का विधान है। देवताओं को प्रसन्न करे तथा धन-धान्य की अधिक उपज आदि के लिए भी यज्ञ किए जाते हैं। गायत्री उपासना में भी यज्ञ आवश्यक है। गायत्री को माता और यज्ञ को पिता कहा गया है। इन्हीं के संयोग से मनुष्य का आध्यात्मिक जन्म होता है। इस यज्ञ का आयोजन क्षेत्र में सुख शांति स्थापित करने के उद्देश्य से की गई थी। इस मौके पर विभिन्न जगहों से पहुंचे आचार्य आसिश दुबे दिपक मिसरा राम एकपाल दुबे विवेक दुबे आनवक्ष दुबे आदि ब्राह्मणों ने भक्तों को विधिवत पूजन कराया। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त उपस्थित थे।



गुमला जिला अंतर्गत स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड अंतर्गत जरडा पंचायत के जरडा मरियम टोली में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वार्षिक उत्सव पर कलश यात्रा सम्पन्न हुई कलश यात्रा लावा नदी से पण्डित नन्दकिशोर नन्द के मन्त्रोच्चारण से शुभारंभ किया गया।वहीं मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक ने कहा कि हम सभी हिंदू भाइयों को मठ मंदिर, दीप जलाएं एवं हनुमान चालीसा का पाठ सुंदरकांड एवं आरती का कार्यक्रम आदि सभी हिंदू सनातन भाइयों को करना चाहिए।कार्यक्रम मे विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल,मातृशक्ति एवं दुगार्वाहिनी के सदस्यो का अहम योगदान रहा।मौके पर भिखेश्वर नागमणि, सकलदीपनाथ शाहदेव,धनी बैगा,सिकन्द्र नायक,चौठन नायक,रामबिलास नायक,जाखू नायक,काजल कुमारी, संजित नायक आदि उपस्थित थे।

## थानेदारी के लिए होने वाले दक्षता परीक्षा के प्रति अधिकारियों के भारी असंतोष

**धनबाद :** अभी कुछ दिन पहले ही धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक जी० टी० रोड के एक बहुचर्चित थानेदार को हटा कर वहां दूसरे की पोस्टिंग करने के लिए उ्क्क्ष्ट को अनुसंसा पत्र प्रेसित किए। इसकी भनक उन्ही के एक विश्वसनीय पात्र द्वारा उक्त थानेदार को दे दी गयी। थानेदार अपनी लंबी पहुंच के बदौलत ररढ के अनुसंसा को रुकवाकर आज भी एकछत्र काबिज है। जब ररढ के गोपनीय सिफारिश की जानकारी समय पूर्व थानेदारो को हो जा रही है तो क्या गारंटी है कि थानेदार हेतु होनेवाली तथाकथित दक्षता परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा से पूर्व ही उनतक नही पहुंच पाएगी। धनबाद जिला के सभी थानेदार यह जानते है कि अगर अगर एक वरीय अधिकारी थाना आकर उनके विरुद्ध प्रतिकूल टिपण्णी कर दिए तो उनकी कुर्सी खतरे में आ जायेगी। दबी जुबान सभी थानेदार यह कहते है कि अगर किसी को समय पूर्व हटाना है तो उसी अधिकारी को निरीक्षण/जांच के लिए भेजा जाता है। पूर्व में भी ऐसे कई उदाहरण है जब कई थानेदारो को अकारण ही हटाकर वहां अलग-अलग समीकरणों के तहत थानों में ट्रांसफर-पोस्टिंग की गई है। इसकी क्या गारंटी है कि चहेते थानेदारो को तथाकथित दक्षता परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले ही प्राप्त नही हो जाएगा। लोकतंत्र में सभी को समान अवसर मिलना चाहिए। अगर परीक्षा ही थानेदारी मिलने का आधार है तो झारखंड के सभी जिलों में यह लागू होनी चाहिए न कि सिर्फ धनबाद जिला में जहां पहले से ही थानेदारी में अलग-अलग गुट और समीकरण हावी है। और सबसे यक्ष प्रश्न की क्या संवेधानिक प्रावधानों के अनुरूप तथाकथित इस दक्षता परीक्षा में आरक्षण के नियमो का अनुपालन होगा। नाम नही सार्वजनिक किए जाने की शर्त पर जिला के कुछ थानेदारो ने बताया कि वो परीक्षा देकर अपने कानून की जानकारी की योग्यता को पुनः साबित करने को तैयार है लेकिन इसके साथ-साथ थानों मे पोस्टिंग के लिए झोला सिस्टम और बने रहने के लिए रिचार्ज सिस्टम भी बंद होना चाहिए।

## हमारी एकता हीं न्याय की गारंटी :राजेंद्र सिंह



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** मृतक हरेन्द्र कुमार, कर्मचारी संख्याः- 787517, धमन भट्टी विभाग के एम.एम.11 में कार्यरत थे। स्व. भारती को दिनांक 04 जनवरी 2025 को सामान्य पाली में कार्य करते हुए साँस लेने मे दिक्कत के बाद सहकर्मियो द्वारा ईलाज के लिये प्लांट मेडिकल लाया गया।जहाँ उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिये चिकित्सको ने उन्हे बोकारो जेनरल अस्पताल रेफर कर दिया। जहाँ लम्बी ईलाज के बाद दिनांक 21/01/2025 रात्रि लगभग 10:30 बजे स्व भारती का देहांत हो गया।बी.जी.एच. की लापरवाही एवं सुस्त व्यवस्था ने आखिरकार एक और मजदूर की जान ले ली। स्व. भारती के देहांत की खबर संयंत्र मे आग की तरह फैल गयी।मृतक क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (एचएमएस) के सक्रिय सदस्य थे।देहांत की खबर पाकर युनियन के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह स्वयं बी.जी.एच. पहुँचे। वहाँ शोक संतप्त परिजनो को धैर्य दिलाते हुए नियमानुसार आश्रित के नियोजन पर हो रही विलंब पर मौजूद प्रबंधन के अधिकारियो पर जमकर बरसे। श्री सिंह एवं साथी कर्मचारियो के उग्र रवैये के आगे अधिकारियो की एक ना चली।श्री सिंह ने प्रबंधन को साफ-साफ कह दिया कि सभी मजदूर एकजुट हैं या तो नियोजन दो या ब्लास्ट फर्नेस बन्द के लिये तैयार रहो।अन्ततः काफी खींचतान और जद्दोजहद के बाद मृतक के आश्रित को एडीएम मेन गेट पर बोकरो इस्पात संयंत्र मे स्थायी नियोजन पत्र दिया गया। मौके पर श्री सिंह के साथ आर.के.सिंह,शशिभूषण ब्लास्ट फर्नेस मे युनियन के शाखा अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, शाखा सचिव अम्बेडकर, इरफान सहित मनोज ठाकुर, संतोष कुमार,संतोष कर्मकार,अरविन्द कुमार, चन्द्र प्रकाश,अभिषेक कुमार, के के रजवार,मन्टु प्रसाद मुर्मू, असलम अंसारी,दल गोविंद किस्कु,एस.के. सिंह, विजय कुमार, अमरदीप सहित सैकड़ो मजदूर एवं युनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## व्यवसायी रामाशीष व अनूप ने पिता की पुण्यतिथि पर किया भोजन वितरण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

चक्रधरपुर के युवा व्यवसायी रामाशीष साव एवं अनूप साव ने अपने पिता के पंद्रहवें पुण्यतिथि पर स्टेशन परिसर के समीप जनप्रिय सामाजिक संस्था जननायक समिति के तत्वावधान में व्यापक रूप से प्रभुजनों के बीच भोजन वितरण किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम परिजनों ने स्वर्गीय बालेश्वर साव की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रामाशीष साव एवं अनूप साव ने कहा कि- जननायक समिति के तत्वावधान में भोजन वितरण कार्य काफी पुनीत और नेक है और प्रभुजनों के बीच भोजन वितरण से काफी सुख की अनूभूति होती है। इस अवसर पर आर्यन साव, यश साव, अंश साव, धीरज साव, रिक्की छाबड़ा के अलावा काफी संख्या में अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# फोटो बदलकर किसी कुंवारी लड़की के नाम पर ले लिया गया लोन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरिडीह:** एक तरफ जहां 18 से 50 वर्ष की युवती-महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य की सरकार मंईयां सम्मान योजना चला रही है और इन्हें 2500 - 2500 रुपए की सहयोग राशि दे रही है। वहीं दूसरी तरफ गावां प्रखंड के जमडार की लगभग 120 महिलाएं और युवतियां ठगी का शिकार हुई हैं। महिलाओं का कहना है कि उनके नाम पर फर्जी तरीके से लोन लेकर गांव का ही एक व्यक्ति फरार हो गया। इस मामले में थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में दो लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। कांड का मुख्य अभियुक्त रविशंकर के उत्तर प्रदेश भागने की बात कही जा रही है। इस पूरे मामले की जानकारी लेने ईटीवी भारत की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची। जिला मुख्यालय से लगभग 80 किमी दूरी (भाया गावां) पर अवस्थित इस गांव की पीड़ित महिलाओं और युवतियों से बात की गई। यहां आने पर पता चला कि जिस रवि पर यहां की गरीब महिलाओं ने भरोसा किया था, उसने इनके साथ छल किया है। उन्हें बरगला कर न सिर्फ अंगूठे का निशान लिया बल्कि कागजात में हेर फेर कर निजी फाइनेंस कंपनी से लोन निकाला और अंत में आधार अपडेट करने की बात कहकर फिर से ई-पॉस मशीन पर अंगूठे का निशान लेते हुए लोन की रकम भी अपने खाते में ट्रांसफर कर ली।

यहां आने पर पता चला कि गांव के एक गरीब मजदूर की बेटी प्रियंका कुमारी के साथ भी ठगी की गई है। प्रियंका लगभग 18- 19 साल की बतायी जा रही है। वह कक्षा 11वीं में पढ़ती है। उसका कहना है कि एक दिन रवि आया और बोलने लगा कि आधार को अपडेट करना है, तुम्हारी मां ने भेजा है, यह कहते हुए मशीन पर अंगूठा लगा लिया और चला गया।

प्रियंका की मां फुलवा देवी बतातीं है कि उन्हें तो कुछ पता ही नहीं था। इस बीच जुलाई महीने में कुछ लोग उसके घर पर आए कहने लगे कि तुम्हारी बेटी के नाम पर लोन है, मैं भौचक्का रह गई। मैंने रवि को फोन लगाया उसने स्पष्ट कुछ बताया नहीं बस टालता रहा। कुछ इसी तरह की कहानी कंचन कुमारी बताती हैं। वह कहती हैं कि उनके नाम पर तो 80 हजार का लोन निकाल लिया गया। उसे व उसके अभिभावक को भी तब पता चला जब फाइनेंस कम्पनी के एजेंट उनके घर पर ईएमआई बकाया की सूचना देने और पैसा लेने पहुंचे। इसी गांव की उषा देवी नामक महिला बताती हैं कि उनके पिताजी का निधन हो गया था। वह श्राद्ध कार्यक्रम में अपने मायके गई थीं, फाइनेंस कंपनी के लोग वहां पर आ धमके और कहने लगे कि तुम्हारे नाम पर डेढ़ लाख का लोन है, इस तरह मुझे जानकारी यह मिली। उषा देवी ने कहा कि जब उन्होंने पड़ताल की तो यह भी पता चला कि उनके साथ फजीर्वाड़ा हुआ है। इतना ही नहीं लोन के लिए जो कागजात जमा किये गये हैं उसमें उनके पति के पहचान पत्र में भी छेड़छाड़ की गई है। पति के पहचान पत्र में एक मुस्लिम व्यक्ति की तस्वीर लगा दी गई है।

मोदी सरकार देगी पैसा, इसलिये लगा दिया अंगूठा

यहां की महिलाओं ने बताया कि गांव की एक महिला आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ऑपरेशन करवाने जमुआ गई थी। वहां रवि और सानू आया तथा यह कहकर भर्ती महिला से अंगूठा का निशान ले लिया कि मोदी सरकार पैसा भेजेगी।